आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11। अंक 186। मूल्य - 2 रुपए। पृष्ठ-08। नगर संस्करण

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, व भोपाल, रायपुर व बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

इंदौर, गुरुवार, 10 जुलाई, 2025

पीएम मोदी को नामीबिया का सर्वोच्च सम्मान, ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्विचिया मिराबिलिस से नवाजे गए

संसद में बोले- आपने चीते गिफ्ट किए, उन्होंने संदेश भेजा है

अबतक का 27वां इंटरनेशनल अवॉर्ड

एजेंसी ● विंडहोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नामीबिया में बुधवार को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्विचिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया। नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह ने उन्हें राजधानी विंडहोक स्थित स्टेट हाउस में यह सम्मान दिया।

प्रधानमंत्री ने नामीबिया की संसद को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'मैं सर्वोच्च नागरिक सम्मान लेते हुए बहुत सम्मानित महसूस कर रहा है। नामीबिया के मजबूत और सुंदर पौधों की तरह, हमारी दोस्ती समय की कसौटी पर खरी उतरी है। यहां के राष्ट्रीय पौधे, वेल्विचिया मिराबिलिस की तरह, यह समय और उम्र के साथ और भी मजबूत होगी।'

PM ने कहा, 'आपने 2022 में हमारे देश में चीतों को फिर से बसाने में हमारी मदद की, हम आपके इस गिफ्ट के लिए बहुत आभारी हैं। उन्होंने आपके लिए एक संदेश भेजा है- सब कुछ ठीक है। वे बहुत खुश हैं और अपने नए घर में अच्छी तरह से ढल गए हैं। उनकी संख्या भी बढ़ी है।'

PM मोदी एक दिन के लिए नामीबिया दौरे पर हैं। उनका यह दौरा 2 जुलाई से 10 जुलाई तक 5 देशों- घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा का हिस्सा है। उन्हें पिछले 7 दिनों में 4 देशों ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है। बतौर PM, मोदी का यह 27वां इंटरनेशनल अवॉर्ड है।

संसद में मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

- कुछ महीने पहले, नामीबिया ने अपनी पहली महिला राष्ट्रपति चुनी। हम आपके गर्व और खुशी को समझते हैं, क्योंकि भारत में, हम भी राष्ट्रपति को गर्व से मैडम प्रेसिडेंट कहते हैं। यह भारत के संविधान की शक्ति है कि एक गरीब आदिवासी परिवार की बेटी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की राष्ट्रपति है।
- भारत के लोग नामीबिया की आजादी के लड़ाई के दौरान आपके साथ गर्व से खड़े रहे। हमारी अपनी आजादी से पहले भी, भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दक्षिण-पश्चिम अफ्रीका का मुद्दा उठाया था। नामीबिया में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना का नेतृत्व एक भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल, दीवान प्रेम चंद ने किया था।
- भारत, कैंसर के इलाज के लिए नामीबिया को भाभाट्रॉन रेडियोथेरेपी मशीन देने के लिए तैयार है। भारत में विकसित इस मशीन का उपयोग 15 देशों में किया जा चुका है। इसने विभिन्न देशों में लगभग पांच लाख गंभीर कैंसर रोगियों की मदद की है। हम नामीबिया को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं तक पहुंच के लिए जन औषधि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित करते हैं।
- नामीबिया भारत की UPI तकनीक अपनाने वाला पहला देश बन गया है। हमारा द्विपक्षीय व्यापार 80 करोड़ डॉलर (6,680 करोड़ रुपए) को पार कर गया है। लेकिन क्रिकेट के मैदान की तरह, हम अभी तैयारी कर रहे हैं। हम तेजी से और ज्यादा रन बनाएंगे।

मोदी 27 साल बाद नामीबिया जाने वाले भारतीय प्रधानमंत्री

नामीबिया में प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली और किसी भारतीय प्रधानमंत्री की तीसरी यात्रा है। 27 सालों बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री नामीबिया दौरे पर है। इससे पहले 1998 में तत्कालीन PM अटल बिहारी वाजपेयी नामीबिया गए थे। 1990 में उस वक्त PM रहे वीपी सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी सहित बड़े नेता नामीबिया के

हीरा-लिथियम सप्लाई पर चर्चा हुई

विदेश मंत्रालय में आर्थिक मामलों के सचिव दम्मू रवि ने नामीबिया में मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि भारत और नामीबिया ने बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। नामीबिया ने पहलगाम आतंकवादी हमले सहित सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की और भारत का समर्थन किया। दम्मू रवि ने बताया, 'नामीबिया आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में शामिल हो रहा है। नामीबिया दुनिया का पहला देश है जहां NPCI-नेशनल पेमेंट कोऑपरेशन ऑफ इंडिया और नामीबियाई सेंट्रल बैंक ने रियल टाइम भुगतान के लिए भारत से UPI के लिए एक लाइसेंसिंग एग्रीमेंट किया है।'

PM मोदी को नामीबिया में 21 तोपों की सलामी

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार सुबह नामीबिया की राजधानी विंडहोक पहुंचे। एयरपोर्ट पर नामीबिया की राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह ने मोदी का स्वागत किया। नामीबिया के कलाकारों ने मोदी के स्वागत के लिए पारंपरिक नृत्य किया। PM ने कलाकारों के साथ ढोल भी बजाया। इसके बाद PM मोदी होटल पहुंचे और भारतीय समुदाय के लोगों से मिले। दोपहर में प्रधानमंत्री विंडहोक स्थित स्टेट हाउस पहुंचे। यहां उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई और गार्ड ऑफ ऑनर मिला। नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह और PM मोदी ने हाथ मिलाकर एक दूसरे का अभिवादन किया। दोनों नेताओं के बीच डेलिगेशन लेवल पर बातचीत हुई। दोनों देशों ने एकदूसरे के साथ समझौता ज्ञापन (MoUs) एक्सचेंज किए।

गुजरात में पुल टूटा, चलती गाड़ियां नदी में गिरीं, 13 लोगों की मौत

8 को बचाया; दक्षिण गुजरात का सौराष्ट्र से संपर्क टूटा

एजेंसी ● वडोदरा

गुजरात के वडोदरा में महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया। हादसे के समय ब्रिज से गाड़ियां गुजर रही थीं। पुल टूटने पर दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा कुल पांच गाड़ियां नदी में गिर गईं। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया।

हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 को स्थानीय लोगों ने बचाया। दो लोग लापता हैं। फायर ब्रिगेड की तीन टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। 45 साल पुराना यह ब्रिज दक्षिण गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता है। पुल टूट जाने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड जैसे दक्षिण गुजरात के शहरों से सौराष्ट्र पहुंचने में ज्यादा समय लगेगा। अब इसके लिए अहमदाबाद होते हुए लंबा रास्ता लेना पड़ेगा।

लोगों ने कहा, हादसे के लिए प्रशासन जिम्मेदार

हादसे के बाद तुरंत ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और लोगों को रेस्क्यू किया। एक स्थानीय युवक ने बताया, 'हम सुबह से ही बचाव अभियान चला रहे हैं। इस दौरान हमें प्रशासन और अधिकारियों से कोई मदद नहीं मिली है।' इनका कहना है कि 45 साल पुराने इस पुल की मरम्मत के लिए प्रशासन को कई बार सूचित किया जा चुका है। प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण आज यह हादसा हुआ है।

मुख्यमंत्री पटेल ने हादसे पर जताया शोक, जांच के आदेश

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के सड़क एवं भवन विभाग और पुल निर्माण में विशेषज्ञता रखने वाले निजी इंजीनियरों को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने व पुल ढहने के कारणों और अन्य तकनीकी मामलों की प्रारंभिक जांच कर कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय नगरपालिका और वडोदरा नगर निगम की दमकल टीमें नावों और तैराकों के साथ मौके पर बचाव एवं राहत अभियान चला रही हैं। एनडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। वहीं, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मृतकों के परिवारों को चार-चार लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की मदद का एलान किया। यह पुल वडोदरा को आणंद से जोड़ता था।

पीएम मोदी ने किया मुआवजे का एलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, पुल के ढहने से हुई जनहानि बेहद दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने नवीन 18 औद्योगिक नीतियों की दी जानकारी

राजस्थान के उद्यमियों को किया निवेश के लिए मध्यप्रदेश आमंत्रित

संवाददाता ● भोपाल

फर्नीचर, टिंबर व्यवसाय और होटल उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि हुए बैठक में शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को राजस्थान के जोधपुर प्रवास के दौरान विभिन्न फर्नीचर, टिंबर व्यवसाइयों और होटल उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में सघन वन संपदा है। मध्यप्रदेश जैसे सागौन वन कहीं नहीं है। फर्नीचर व्यवसाय में इनको बढ़ावा देते हुए राजस्थान और मध्यप्रदेश संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। मध्यप्रदेश में उद्योगों और व्यवसायों के उन्नयन के साथ नवीन निवेश आ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों को बताया कि भोपाल में इस वर्ष फरवरी माह में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुई थी। इस अवसर पर 18 नई औद्योगिक नीतियों को लागू किया गया है। इनके लाभकारी प्रावधानों का लाभ देश भर के उद्यमियों द्वारा लिया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में उद्योग क्षेत्र में अनेक नवाचार भी किए गए हैं। नए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए निजी संस्थाओं को रियायती दर पर भूमि और अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। जिस प्रदेश में सिर्फ पांच मेडिकल कॉलेज थे वहां आज 36 मेडिकल कॉलेज हैं। आने वाले 2 वर्ष में इनकी संख्या 50 हो जाएगी। चिकित्सा और उपचार क्षेत्र के साथ ही निवेश के अनेक क्षेत्रों में कार्य हो रहा है। विभिन्न राज्यों के उद्यमी उत्साह पूर्वक मध्यप्रदेश आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों से कहा कि वे विभिन्न उद्योगों की स्थापना के लिए मध्यप्रदेश आ सकते हैं। उन्हें नीतियों के अंतर्गत उद्योग स्थापना के लिए पूरा प्रोत्साहन और सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योग और रोजगार वर्ष 2025 में हुए विभिन्न कॉन्क्लेव, विभिन्न नगरों में रोड-शो आदि की जानकारी भी प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राजस्थान के उद्यमियों ने अनेक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक वर्णवाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रारंभ में राजस्थान के औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया।

राजस्थान के चूरू में वायुसेना का जगुआर लड़ाकू विमान क्रैश

पायलट और को-पायलट की मौत, शवों के टुकड़े मिले; गांव में बिखरा प्लेन का मलबा

एजेंसी ● चूरू

राजस्थान के चूरू में भारतीय वायु सेना का जगुआर फाइटर जेट क्रैश हो गया है। इस हादसे में विमान के पायलट और को-पायलट शहीद हो गए हैं। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वहां बड़े इलाके में फाइटर जेट का मलबा बिखरा पड़ा है।

हादसा बुधवार (9 जुलाई) को दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर हुआ। भारतीय वायु सेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की है।

चूरू एसपी जय यादव ने बताया- राजलदेसर थाना क्षेत्र के गांव भाणूदा में प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें दो लोगों की मौत हुई है।

सूरतगढ़ से उड़ा था ट्रेनी जगुआर जेट

सेना के सूत्रों के मुताबिक यह जगुआर फाइटर जेट श्रीगंगानगर के पास सूरतगढ़ एयरबेस से उड़ा था। यह जेट टू सीटर था, ट्रेनिंग के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

मलबे के पास से बुरी तरह क्षत-विक्षत शव के टुकड़े मिले हैं। बताया जा रहा है कि हादसे से पहले तकनीकी कारणों से पायलट इजेक्ट नहीं कर पाए। पिछले 5 महीनों में देश भर में तीन जगुआर क्रैश हो चुके हैं।

अमित शाह ने बताया अपना रिटायरमेंट प्लान

वेद-उपनिषद और प्राकृतिक खेती पर करूंगा फोकस

एजेंसी ● नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर बुधवार को गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान की सहकारिता क्षेत्र से जुड़ीं महिलाओं और अन्य सहकारी कार्यकर्ताओं के साथ 'सहकार-संवाद' किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में सहकारी क्षेत्र महिलाओं को आत्मनिर्भर करने का मजबूत माध्यम बना है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'सहकार-संवाद' कार्यक्रम में बनासकांठा का जिक्र किया और कहा कि जब मैं पैदा हुआ था, तब बनासकांठा के लोगों को सप्ताह में सिर्फ एक बार नहाने के लिए पानी मिल पाता था। मध्य प्रदेश और राजस्थान के लोगों को शायद इसका अंदाजा न हो, लेकिन बनासकांठा और कच्छ गुजरात के सबसे ज्यादा पानी की कमी वाले जिलों में से थे। आज एक परिवार सिर्फ दूध उत्पादन से सालाना 1 करोड़ कमाता है। यह एक बहुत बड़ा बदलाव है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'सहकार-संवाद' कार्यक्रम में कहा कि मैंने निर्णय लिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद मैं अपना शेष जीवन वेदों, उपनिषदों और प्राकृतिक खेती के अध्ययन के लिए समर्पित करूंगा। प्राकृतिक खेती एक वैज्ञानिक प्रयोग है, जिसके अनेक लाभ हैं। रासायनिक उर्वरकों से उगाए गए गेहूं से अक्सर कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। प्राकृतिक खेती न केवल शरीर को रोगमुक्त रखने में मदद करती है, बल्कि कृषि उत्पादकता को भी बढ़ाती है।

अमित शाह ने लोगों के सवालों का भी जवाब दिया

अमित शाह ने आगे कहा, 'सहकारिता मंत्रालय पीएम मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के विजन के अनुसार किसानों को सशक्त बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहा है।' 'सहकार संवाद' में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों के सवालों का भी जवाब दिया। अमित शाह ने एक प्रतिभागी के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हमने प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पीएसीएस) के लिए लगभग 25 छोटे व्यवसाय मॉडल की पहचान की है। सभी पीएसीएस को विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर उन्हें समृद्ध बनाने की दिशा में काम करना चाहिए।

- बेलगावी में एमजी ग्रुप की फैक्ट्री में डिज़ाइन और निर्मित, टीआईजीआरए बेहतरीन आराम और सुरक्षा प्रदान करता है, और यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए सभी 13.5-मीटर कोच चेसिस पर उपलब्ध है

एमजी ग्रुप ने सुपर-प्रीमियम कोच 'टीआईजीआरए' लॉन्च किया

नई कॉर्पोरेट पहचान के साथ भविष्य की दिशा तय की

संवाददाता ● बेंगलुरु

लॉन्च

भारत की प्रमुख निजी बस और कोच निर्माता कंपनी एमजी ग्रुप ने आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। कंपनी ने अपनी नई कॉर्पोरेट पहचान के साथ-साथ टीआईजीआरए नाम से एक क्रांतिकारी सुपर-प्रीमियम इंटरसिटी कोच रेंज लॉन्च की। यह कोच पूरी तरह से कंपनी ने खुद डिजाइन और तैयार किए हैं, जो बेलगावी स्थित एमजी ग्रुप की अत्याधुनिक फैक्ट्री में बने हैं। टीआईजीआरए कोच में आराम और सुरक्षा का खास ध्यान रखा गया है और यह भारत और विदेशों दोनों के लिए 13.5 मीटर कोच चेसिस पर उपलब्ध होगा। इस खास पेशकश को बेंगलुरु के पैलेस ग्राउंड्स स्थित रॉयल सीनेट में हुए एमजी ग्रुप के "रीःबॉर्न" इवेंट में लॉन्च किया गया। इस मौके पर एमजी ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अनिल मोहन कामत, प्रेसिडेंट – स्ट्रैटेजी एंड सेल्स श्री शिवकुमार वी., और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री गिरीश प्रभु उपस्थित थे। इनके साथ ऑटोमोबाइल और मोबिलिटी सेक्टर से जुड़े ग्राहक, सप्लायर और तकनीकी साझेदार भी शामिल हुए। नए उत्पाद के लॉन्च के अवसर पर श्री शिवकुमार वी. ने कहा, "बस और

कोच बॉडी बिल्डिंग का काम एक दिन में नहीं होता। यह मजबूत रिश्तों, लगातार अच्छी गुणवत्ता और समय के साथ बदलती ट्रांसपोर्ट जरूरतों के हिसाब से खुद को ढालने की क्षमता पर टिका होता है। एमजी ग्रुप सिर्फ इंजीनियरिंग का नहीं, बल्कि भरोसे और मूल्य का भी प्रतीक है। हमें पूरा विश्वास है कि टीआईजीआरए पहले दिन से ही अपने सेगमेंट का लीडर बन जाएगा। एमजी ग्रुप ने अपनी नई कॉर्पोरेट पहचान पेश करते हुए प्रीमियम कोच सेगमेंट में अपनी दस साल की यात्रा को एक नई दिशा दी है। कंपनी का नया लोगो, जिसमें 'एम' से 'जी' तक का प्रवाह बिना रुके दिखता है, एक आसान और सुगम यात्रा का प्रतीक है—जो ग्राहकों को आइडिया से लेकर बाज़ार और उससे भी आगे तक ले जाता है। इसकी छह कोनों वाली आकृति, जो धातु के बोल्ट से प्रेरित है, कंपनी की मजबूत इंजीनियरिंग क्षमता को दर्शाती है। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि एमजी अब सिर्फ एक कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर नहीं, बल्कि एक ऐसा ब्रांड बन गया है जो अपने उत्पादों और डिज़ाइन के दम पर मोबिलिटी के क्षेत्र में नए समाधान पेश कर रहा है। यह पहचान एमजी ग्रुप की बदलते ट्रांसपोर्ट सेक्टर में एक मजबूत और मूल्यवान भूमिका को दर्शाती है। एमजी ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अनिल मोहन कामत ने कहा, "पिछले 40 सालों में हमने लगातार बेहतर डिज़ाइन, भरोसेमंद काम और ओईएम सहयोग के साथ अपनी पहचान बनाई है। यह नई पहचान बताती है कि हम अब सिर्फ पर्दे के पीछे का नाम नहीं हैं, बल्कि अब खुद आगे आकर नवाचार, डिज़ाइन और टीआईजीआरए जैसे प्रीमियम प्रोडक्ट्स के जरिए नेतृत्व कर रहे हैं।"

इस ब्रांड रिफ्रेश के साथ एक नई विजुअल भाषा और मैसेजिंग रणनीति भी अपनाई गई है, जिससे एमजी की संपूर्ण क्षमताओं और इंटरसिटी कोच से लेकर भविष्य की मोबिलिटी तक की महत्वाकांक्षा को बेहतर तरीके से पेश किया जा सके। एमजी ग्रुप के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री गिरीश प्रभु ने लॉन्च इवेंट के दौरान कहा, "आज हम सिर्फ एक नई पहचान नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं—जो निडर है, वैश्विक सोच से प्रेरित है और मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता देता है। टीआईजीआरए सभी 13.5-मीटर कोच चेसिस पर बेहतरीन आराम, सुरक्षा और आसान रखरखाव के साथ पेश किया गया है।

टीआईजीआरए की प्रमुख खूबियां

एबीएस मोल्डेड आलीशान इंटीरियर्स, जिसमें नुकीले किनारों या खुले फास्टनर्स जैसी कोई चीज़ नहीं है जो एक सुरक्षित और खूबसूरत माहौल बनाते हैं। इंटीग्रेटेड एम्बिएंट लाइटिंग और प्रीमियम बर्थ व सीट अपहोल्स्ट्री, जो सफर को खास बनाते हैं। फुल लेंथ डे-टाइम रनिंग लाइट्स और अनोखी 'हार्टबीट' लाइट स्ट्रिप, जो कोच को अलग पहचान देते हैं। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए उच्च गुणवत्ता वाले पीयू मोल्डेड असिस्टेंस हैंडल। टीआईजीआरए का निर्माण एमजी की बेलगावी फैक्ट्री में होगा, जहाँ हाल ही में उपकरण, जिग्स और गुणवत्ता प्रणालियों में बड़े पैमाने पर निवेश किया गया है, जिससे हाई-आउटपुट कोच प्रोडक्शन सुनिश्चित किया जा सके।

विरासत और भविष्य की सोच

एमजी ग्रुप अब तक स्कूल, स्टाफ, इंटरसिटी, लग्जरी, ग्रामीण (मोफुस्सिल), और विशेष उपयोग (जैसे रक्षा या एम्बुलेंस) के लिए 1.25 लाख से अधिक बस बॉडीज़ तैयार कर चुका है। यह इसकी तकनीकी विशेषज्ञता और ज़मीनी क्रियान्वयन क्षमता को दर्शाता है। कंपनी डिज़ाइन से लेकर उत्पादन तक सभी चरणों में खुद काम करती है जिसमें डिजिटल डिजाइन, प्रोटोटाइपिंग, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, इंटीरियर्स, कंपोजिट्स और सामान्य से लेकर कस्टम निर्माण तक सब कुछ शामिल है। साथ ही, एमजी ग्रुप अपने देशभर के ग्राहकों को मजबूत आफ्टर-सेल्स सपोर्ट भी प्रदान करता है, जो इसे प्रतियोगियों से अलग बनाता है। टीआईजीआरए का यह लॉन्च और नई कॉर्पोरेट पहचान एमजी ग्रुप के अगले अध्याय की शुरुआत है जो यात्रियों की आरामदायक और शानदार सफर की बढ़ती उम्मीदों को पूरा करने के साथ-साथ लग्जरी कोच सेगमेंट में नई मिसाल कायम करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

शॉर्ट न्यूज

उधार देने से मना किया तो दो लोगों पर किया हमला

इंदौर। सिमरोल इलाके में दुकान संचालक और साथी पर हमला करने की घटना सामने आई हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना सिमरोल थाना अंतर्गत ग्राम गवालू क्षेत्र की है। यहां रहने वाले राहुल पिता ओम प्रकाश राठौड़ 24 साल ने पुलिस को बताया कि उसकी घर के पास किराने की दुकान है। उसके मुताबिक कल शाम को दुकान पर दोस्त कुणाल भी बैठा था तभी महेंद्र खेड़े आया और उधारी में समान मांगने लगा देने से इनकार किया तो गालियां देने लगा। गाली देने से मना किया तो मारपीट करने लगा फिर उसके साथी राकेश और रवि आ गए। तीनों ने मारपीट करते हुए डंडों से हमला कर दिया जिसमें राहुल और दोस्त कुणाल भी घायल हो गया। आरोपियों ने जाते-जाते धमकी डिकी अगली बार उधार देने से मना किया तो जान से मार देंगे।

शादी के 4 महीने बाद बहू को किया प्रताड़ित

इंदौर। राजेंद्र नगर पुलिस ने नवविवाहिता की रिपोर्ट पर पति सास और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने फरियादी सुमन गेरा 28 साल निवासी स्कीम नंबर 103 की रिपोर्ट पर पति जितेश गेरा, सास काजल गेरा ससुर संजय गेरा के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि उसकी शादी के 4 महीने बाद ही उसे मायके से दहेज लाने के लिए पति और सास ससुर ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। छोटी-छोटी बातों को लेकर उसके साथ पति आए दिन मारपीट करता और सास ससुर भी उसका साथ देते थे। फरियादी ने आरोप लगाया कि उसे माता-पिता से भी फोन पर बात नहीं करने देते थे। फरियाद जी ने यहां बात अपने माता-पिता को बताइ और फिर उन्होंने समझकर ससुराल भेज दिया इसके बाद भी दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे।

करंट से मजदूर की मौत में बंगाली ठेकेदार पर प्रकरण दर्ज

इंदौर। जिला अस्पताल की निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम के दौरान गत दिवस एक मजदूर की करंट लगने से मौत की घटना में पुलिस ने बंगाली ठेकेदार और सुपर वाइजर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक घटना निर्माणाधीन गोविंद वल्लभ पंत जिला चिकित्सालय में हुई थी। मृतक का नाम संतोष पिता सादर वास्केल (20) निवासी ग्राम धावडदा, टांडा जिला धार है। घटना की शाम को तेज बारिश के बीच काम कर रहा था तभी उसे करंट लगा था। पुलिस ने मर्ग कायम किया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी बंगाली ठेकेदार इंताजुल मलीथा पिता रेजाउल मलीथा निवासी पं. बंगाल और भुवान सिंह पिता फाटू के खिलाफ सुरक्षा उपाय में लापरवाही की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने मृतक की बहन मनीषा और अन्य मजदूरों के कथन भी दर्ज किए।

भोपाल मंडल के स्काउट-गाइडों का त्रि-दिवसीय जांच शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न

संवाददाता ● भोपाल

भोपाल। मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं मंडल मुख्य आयुक्त (स्काउट गाइड) तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक, भोपाल श्रीमती रश्मि दिवाकर के संरक्षण में भोपाल रेल मंडल के स्काउट-गाइड, रोवर एवं रेन्जर के लिए तृतीय सोपान एवं निपुण जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर रेल कोच फैक्ट्री परिसर स्थित रेल प्रशिक्षण संस्थान, भोपाल में संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ अतिथि अक्षय गंगरवाल, वर्क्स मैनेजर, CRWS द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। तीन दिवसीय इस शिविर में स्काउटिंग-गाइडिंग के विभिन्न स्तरों — प्रवेश, प्रथम, द्वितीय, तृतीय सोपान तथा निपुण के पाठ्यक्रमों के अनुसार नियम, प्रतिज्ञा, प्राथमिक उपचार, गांठें, अनुमान लगाना, मानचित्र अध्ययन आदि की गहन जांच की गई। सफल प्रतिभागियों के नाम रेल महाप्रबंधक पुरस्कार हेतु अनुशंसित किए जाएंगे।

आयोजित मुख्य केम्पफायर समारोह में मंडल आयुक्त (स्काउट) श्री विजय सिंह, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी तथा मंडल आयुक्त (गाइड) श्रीमती श्रुति मेढकर, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत श्रीराम स्तुति, पंजाबी नृत्य और शिव तांडव ने सभी उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिविर में लगभग 50 स्काउट-गाइड, रोवर एवं रेन्जर स्टाफ ने भाग लिया। समापन दिवस पर पर्यावरण जागरूकता को समर्पित जन जागरण रैली का भी आयोजन किया गया, जो शिविर का विशेष आकर्षण रहा। शिविर का संचालन श्री जितेन्द्र पुरोहित द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री सुनील पुरोहित, विमल कनौजिया, दीपक पूर्वाल, विजय पूर्वाल, आर. जय गणेश, चेतना कुशवाहा, रजनी सिंह, गायत्री गोलंदाज, योग, शिखा, मयंक एवं मृदुल जी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर स्काउट-गाइडों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु शिविर संचालक श्री जितेन्द्र पुरोहित, जिला सचिव श्री सुनील पुरोहित, जिला संगठन आयुक्त श्री आर. जय गणेश, रोवर लीडर विमल कनौजिया, विजय पूर्वाल, दीपक पूर्वाल, चेतना कुशवाहा, रजनी सिंह एवं गायत्री गोलंदाज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इंदौर द्वारा नई तकनीक से की गई दर्द रहित व निशान मुक्त अम्बिलिकल हर्निया की सर्जरी

इंदौर । सेंट्रल इंडिया में पहली बार पेट से जुड़ी बीमारी हर्निया की नई तकनीक के जरिए सर्जरी करने में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। नाभि (अम्बिलिकल) और उदर (वेंट्रल) हर्निया के मरीजों के लिए की जाने वाली इस अत्याधुनिक सर्जरी को PETEP (Preperitoneal Extended Totally Extra peritoneal) कहा जाता है, जिसे इंदौर स्थित कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है। हर्निया आमतौर पेट से जुड़ी एक बीमारी है। इस बीमारी में मरीज के पेट या किसी अन्य अंग या ऊतक का हिस्सा पेट की मांसपेशियों की कमजोर परत से बाहर निकल आता है। अम्बिलिकल हर्निया विशेष रूप से नाभि के पास होता है और अक्सर पेट में भारीपन, सूजन या दर्द के रूप में महसूस होता है। यह समस्या आमतौर पर ऐसे मरीजों में ज्यादा देखी जाती है, जिनकी पहले भी सर्जरी हो चुकी होती है या जिनका वजन बहुत अधिक बढ़ जाता है या घट जाता है। इसके अलावा जिन्हें किसी भी कारण पेट में दबाव बना रहता है जैसे- खांसी, कब्ज, पेशाब करने में तकलीफ, प्रेग्नेंसी या पेट में दबाव देने वाले व्यायाम करना इत्यादि। इंदौर स्थित कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल के जीआई, लेप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक पोरवाल ने PETEP तकनीक के जरिए हर्निया के इलाज में बड़ा बदलाव किया है। डॉ. पोरवाल ने बताया- "नाभि के हर्निया की पारंपरिक दूरबीन सर्जरी में सीधे पेट के अंदर जा कर आपरेशन किया जाता था साथ ही भारी कोटेड जाली का प्रत्यारोपण किया जाता था एवं पिन/टैक्स के माध्यम से पेट की दीवार से फिक्स किया जाता था।

सेंट्रल इंडिया में पहली बार कोकिलाबेन अस्पताल

आशीष तिवारी, चीफ मार्केटिंग आफीसर, होम क्रेडिट इंडिया

ईएमआई को समझना : आपके अगले गैजेट खरीद के लिए स्मार्ट फाइनेंसिंग

संवाददाता ● भोपाल

आज की आकांक्षाओं से संचालित अर्थव्यवस्था में, एक नया गैजेट या उपकरण खरीदना केवल आवश्यकता के बारे में नहीं है - यह आपकी जीवन शैली को अपग्रेड करने के बारे में है। चाहे वह एक आकर्षक नया स्मार्टफोन हो, गर्मियों के ताप को मात देने के लिए एक शक्तिशाली एयर कंडीशनर हो, या आरामदायक पारिवारिक मूवी नाइट्स के लिए एक स्मार्ट टीवी हो, ये खरीदारी अब ईएमआई (समान मासिक किस्तें) के लचीलेपन के कारण पहुंच के भीतर हैं। लेकिन इससे पहले कि आप उस 'शून्य डाउन पेमेंट' या 'नो-कॉस्ट ईएमआई' ऑफ़र की और जाएं, यह समझना महत्वपूर्ण है कि ईएमआई वास्तव में कैसे काम करती है। आइए इसे विस्तार से समझते हैं।

सही ऋण अवधि का चुनाव

ईएमआई की खूबी उसकी सरलता में निहित है: यह आपकी खरीदारी की लागत को निश्चित मासिक भुगतानों में बांट देती है, जिससे बिग टिकट वाली वस्तुएं आपके जेब को खाली किए बिना कहीं अधिक सुलभ हो जाती हैं। एक ईएमआई राशि मुख्य रूप से तीन कारकों से निर्धारित होती है - ऋण राशि (उत्पाद लागत), ब्याज दर (ऋणदाता द्वारा दर्शाएं गए या जीरो कास्ट संरचना), और ऋण चुकौती अवधि (3 से 12 महीने या उससे अधिक)। कल्पना कीजिए कि आप 50,000 का एक स्मार्टफोन खरीद रहे हैं। आपके पास दो विकल्प हैं: विकल्प 1: 15% ब्याज पर 12 महीने की ईएमआई। आपकी ईएमआई लगभग 4513 होगी, कुल 54,156 - जिसका अर्थ है कि आप ब्याज में 4,156 अतिरिक्त भुगतान करते हैं। विकल्प 2: 6 महीने की शून्य-लागत ईएमआई। आपकी ईएमआई 8,333 होगी, और आप बिल्कुल 50,000 का भुगतान करते हैं - कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं। मुख्य बातः एक लंबी अवधि आपकी मासिक ईएमआई को कम करती है लेकिन आपके द्वारा चुकाई जाने वाली कुल राशि को बढ़ा देती है। एक छोटी अवधि का मतलब उच्च ईएमआई है लेकिन ब्याज भुगतान पर बचत होती है।

फिक्स्ड बनाम फ्लोटिंग दर

जब ऋण चुनते हैं, तो आपको अक्सर दो विकल्पों का सामना करना पड़ेगाः फिक्स्ड और फ्लोटिंग। एक फिक्स्ड ब्याज दर का मतलब है कि ऋण अवधि के दौरान हर महीने एक निश्चित राशि काटी जाएगी, जो बजट बनाने के लिए बहुत अच्छा है और यदि आप स्थिरता पसंद करते हैं तो यह आपके लिए उपयुक्त है। दूसरी ओर, एक फ्लोटिंग या परिवर्तनीय ब्याज दर एक ऐसी राशि है जो प्रचलित बाजार स्थितियों के आधार पर घटती-बढ़ती रहती है, जिसका अर्थ है कि यदि ब्याज दरें गिरती हैं तो आपकी ईएमआई कम हो सकती है, लेकिन अप्रत्याशित रूप से बढ़ भी सकती है। उदाहरण के लिए, आरबीआई की रेपो दर में हाल ही में 25 आधार अंकों की कमी के बाद, 9% फ्लोटिंग ब्याज दर पर 20 साल के लिए 30 लाख के होम लोन वाले उधारकर्ता की ईएमआई 26,992 से घटकर 26,488 हो गई, जिससे वित्तीय राहत मिली।

भाभा विश्वविद्यालय और जर्मन अकादमी डिजिटल एजुकेशन

(DADB इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) के बीच समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर

संवाददाता ● भोपाल

उद्योग और शिक्षा के बीच सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भाभा विश्वविद्यालय और जर्मन अकादमी डिजिटल एजुकेशन (DADB इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर आज हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम विश्व विद्यालय परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान संपन्न हुआ।

यह सहयोग छात्रों को नई भारतीय शिक्षा नीति के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रम के आयोजन हेतु करार किया गया जिसमे मुख्य तौर पर 5 जी टेक्नोलॉजी, हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रो मोबिलिटी आईओटी एवं सौर विद्युत ऊर्जा हैं । इसका उद्देश्य छात्रों की व्यावसायिक दक्षता और रोजगार योग्यताएं बढ़ाना है। कार्यक्रम में कुलगुरू डॉ. दिलीप कुमार डे, ने कहा, "आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। हमें छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुसार तैयार करना होगा। यह साझेदारी छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक से रूबरू कराएगी।" इस समझौते के अंतर्गत विश्वविद्यालय में एक "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" की स्थापना, संयुक्त कार्यशालाएं, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम और छात्रों के लिए इंटर्नशिप की सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। यह पहल भाभा विश्वविद्यालय के सैकड़ों छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर लेकर आई है और यह कॉलेज की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाएगी। इस अवसर पर प्रति कुलगुरु डॉक्टर एन के अग्रवाल अग्रवाल ,अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ.अशोक कुमार झाला एवम सभी विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

OnePlus ने OnePlus Nord 5 सीरीज़ और OnePlus Buds 4 का अनावरण किया

श्रेणी की बेहतरीन परफार्मेंस और OnePlus AI की सुविधा देंगे

एजेंसी ● बेंगलुरु

OnePlus, अग्रणी प्रौद्योगिकी ब्रांड, ने आज OnePlus Buds 4 के साथ-साथ अपनी Nord लाइनअप में दो अत्यधिक प्रतीक्षित उत्पादों: OnePlus Nord 5 और OnePlus Nord CE5 की आधिकारिक लॉन्चिंग की। OnePlus Nord 5 में Snapdragon® 8s Gen 3 Mobile प्लेटफॉर्म की शक्ति शामिल है जो परफार्मेंस के मानक ऊंचे करती है और इसे अब तक का सबसे शक्तिशाली OnePlus Nord बनाती है। बेहतर इमेजिंग क्षमताओं और अत्याधुनिक पर्सनलाइज़्ड OnePlus AI अनुभव की सुविधा देते हुए, यह रोजमर्रा जिंदगी में स्मार्ट और अधिक आनंददायक अनुभव देता है। OnePlus Nord CE5 भी अपनी कीमत के लिहाज से असाधारण रूप से बेहतर परफार्मेंस और सुगम OnePlus अनुभव देता है। Pete Lau, OnePlus के संस्थापक ने कहाः 'OnePlus Nord सीरीज़ न्यूनतम डिज़ाइन की अवधारणा और इस उद्योग की अग्रणी फ्लैगशिप तकनीक का मिलन है, जिसे दुनिया भर के उपयोगकर्ताओं का भरोसा और प्यार मिला है। गुणवत्ता के मामले में समझौता न करने की हमारी 'Never Settle' भावना से प्रेरित होकर, हम सभी मूल्य श्रेणियों में मानकों को लगातार बढ़ाते रहते हैं। हमारा मानना है कि OnePlus Nord 5 सीरीज़, ज्यादा से ज्यादा उपयोगकर्ताओं को फ्लैगशिप-स्तरीय परफार्मेंस और उन्नत OnePlus AI सुविधाओं का अनुभव देते हुए लोगों की रोजमर्रा जिन्दगी का अभिन्न अंग बन जाएगी।'



मूल्य और उपलब्धता

OnePlus Nord 5 जिसका आरम्भिक मूल्य ₹29,999 है, 9 जुलाई 2025, दोपहर 12 बजे से खुली बिक्री में उपलब्ध होगा और 8+256GB, 12+256GB और 12+512GB वेरिएंट में मिलेगा। OnePlus Nord 5 तीन आकर्षक रंगों में उपलब्ध है - Marble Sands, Phantom Grey और Dry Ice उपभोक्ता इस डिवाइस को OnePlus.in, OnePlus Store App, Amazon.in पर ऑनलाइन तथा OnePlus Experience Stores जैसे मुख्य स्टोर्स, और Reliance Digital, Croma, Vijay Sales, Bajaj Electronics आदि जैसे साझेदार स्टोर्स से खरीद सकते हैं।

OnePlus Nord 5: अगली पीढ़ी का परफार्मेंस और फ्लैगशिप इमेजिंग

OnePlus Nord 5, Nord लाइन-अप में पहला फोन है जिसमें शक्तिशाली Snapdragon 8 सीरीज़ चिपसेट लगाई गई हैं। यह अत्याधुनिक Snapdragon 8s Gen 3 Mobile Platform से संचालित है, जिसमें 4nm आर्किटेक्चर और फ्लैगशिप Kryo CPU है, LPDDR5X RAM के साथ मिलकर, यह डिवाइस अपनी श्रेणी में बेजोड़ परफार्मेंस देता है। यह बेहतर गेमिंग अनुभव के लिए हार्डवेयर-एक्सेलेरेटेड रे ट्रेसिंग के साथ Snapdragon Elite Gaming को सपोर्ट करता है। OnePlus Nord 5, BGMI को नेटिव 90fps पर चलाता है, जिसे फ्रेम इंटरपोलेशन 144fps तक बढ़ा देता है, और Call of Duty Mobile नेटिव रूप से 144fps पर चलता है। OnePlus Nord 5 में Cryo-Velocity VC कूलिंग सिस्टम है जिसमें 7,300 mm हीट डिसिपेशन एरिया और OnePlus 13 की तरह ग्रेफीन थर्मल्स हैं, जो 1,800W/m-K थर्मल कंडक्टिविटी प्रदान करते हैं। शक्तिशाली प्रोसेसर के साथ उन्नत कूलिंग सिस्टम का संयोजन इसे उन गेमर्स के लिए सबसे अच्छा चुनाव बनाता है जो चलते-फिरते स्मूथ, प्रतिस्पर्धी गेमप्ले चाहते हैं। OnePlus Nord 5 में आगे और पीछे दोनों तरफ dual 50MP Ultra-Clear कैमरा सिस्टम है, जो Nord सीरीज़ में फ्लैगशिप-ग्रेड इमेजिंग का फीचर देता है। पीछे के सेटअप में OnePlus 13 से LYT-700 सेंसर और 8MP 116 अल्ट्रा-वाइड लेंस हैं, जो उन्नत HDR और कम रोशनी में भी अच्छे परफार्मेंस के साथ स्पष्ट, जीवंत तस्वीरें देते हैं। आगे के कैमरे में 50MP JN5 सेंसर और हार्डवेयर ऑटो-फोकस के साथ बड़ा अपग्रेड हुआ है, जो चुनौतीपूर्ण लाइटिंग में भी क्रिस्प सेल्फी और ग्रुप फोटो सुनिश्चित करता है। यह आगे और पीछे दोनों कैमरे में 4K वीडियो रिकॉर्डिंग 60fps पर भी सपोर्ट करता है। इसके अतिरिक्त, Ultra HDR के साथ अपग्रेड किया गया LivePhoto फीचर, समृद्ध विवरण और स्पष्टता के साथ 3-सेकंड मोशन शॉट्स कैप्चर करता है।

इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर और महेश्वर की यात्रा होगी और भी आसान

आईएसबीटी पर पर्यटन विभाग टूरिज्म इन्फॉर्मेशन सेंटर बनाएगा

संवाददाता ● इंदौर

शहर में पर्यटन की संभावना को बढ़ाने के लिए राज्य पर्यटन विभाग कई नई योजनाओं पर काम कर रहा है। इन्हीं योजनाओं के तहत इंदौर के इंटर स्टेट बस टर्मिनल (आईएसबीटी) पर एक टूरिज्म इन्फॉर्मेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा। इस सेंटर के माध्यम से इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर जैसे प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों की जानकारी पर्यटकों तक पहुंचाई जाएगी। इसके अलावा, एक रियल टाइम इन्फॉर्मेशन ऐप भी विकसित किया जा रहा है। यह पर्यटकों को उनकी यात्रा के दौरान आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएगा।

सुविधा

ओम सर्किट का होगा विकास - इंदौर के आसपास के प्रमुख धार्मिक स्थल, जैसे उज्जैन, ओंकारेश्वर और महेश्वर, ओम सर्किट के तहत विकसित किए जा रहे हैं। इस सर्किट में शामिल जगहें न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगी, बल्कि पर्यटकों को आध्यात्मिक अनुभव भी प्रदान करेंगी। पर्यटन विभाग का उद्देश्य है कि इन स्थलों को एक समृद्ध और व्यवस्थित पर्यटन क्षेत्र में परिवर्तित किया जाए।

इंदौर से उज्जैन और ओंकारेश्वर का मार्ग - इंदौर से उज्जैन और ओंकारेश्वर के मार्ग पर टूरिज्म इन्फॉर्मेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे। यहां पर्यटकों को उन स्थानों के बारे में जानकारी मिलेगी जो उनकी यात्रा को और अधिक सुविधाजनक और समृद्ध बना सकते हैं। इसके अलावा, रास्ते में कई कैफेटेरिया भी स्थापित किए जाएंगे। इससे पर्यटकों को आराम से यात्रा करने का अवसर मिलेगा।

महेश्वर और मांडू में विकसित होने वाली सुविधाएं

महेश्वर और मांडू जैसे ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों को भी पर्यटन के दायरे में लाया जा रहा है। इन स्थलों पर हेरिटेज और प्राकृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्य किए जाएंगे। इन क्षेत्रों में पर्यटकों को ऐतिहासिक इमारतों, प्राकृतिक झरनों और अन्य आकर्षणों की जानकारी दी जाएगी। टूरिज्म इन्फॉर्मेशन सेंटर पर वर्चुअल रियलिटी का उपयोग किया जाएगा। इसके माध्यम से पर्यटकों को इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर और महेश्वर सहित आसपास के सभी पर्यटन स्थलों का अनुभव दिया जाएगा। वर्चुअल रियलिटी तकनीक से पर्यटक इन स्थलों का आभासी दौरा कर सकेंगे। इससे उनकी यात्रा के लिए प्रेरणा मिलेगी और उन्हें यात्रा की योजना बनाने में मदद मिलेगी।

एक ऐप पर मिलेगी सभी सुविधाएं

पर्यटन विभाग एक रियल टाइम मोबाइल ऐप भी विकसित कर रहा है। इसमें पर्यटकों को उनके यात्रा मार्ग, आवास, परिवहन, स्थानीय आकर्षण और अन्य सुविधाओं की जानकारी मिल सकेगी। इस ऐप में होटल्स, होम स्टे सेंटर, गेस्ट हाउस और रेस्टोरेंट्स की जानकारी भी उपलब्ध होगी। इससे पर्यटकों को यात्रा के दौरान सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल सकेंगी। साथ ही, इस ऐप के माध्यम से पर्यटक अपनी यात्रा के लिए परिवहन साधनों की बुकिंग भी कर सकेंगे।

स्थानीय त्योहार आयोजनों की मिलेगी जानकारी

इस ऐप का एक खास फीचर भी होगा, जो पर्यटकों को स्थानीय त्योहारी आयोजनों, परंपरागत वस्त्रों, कला और लोककला की जानकारी देगा। यह फीचर पर्यटकों को उनकी यात्रा के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा। साथ ही उनकी यात्रा को और भी यादगार बनाएगा।

योजना को मिले 70 करोड़ रुपए

इस पूरे टूरिज्म इन्फॉर्मेशन सेंटर और मोबाइल ऐप के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने लगभग 70 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। इन योजनाओं से इंदौर को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रुप में विकसित किया जाएगा। यहां आने वाले पर्यटकों को सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिलेगा।

शॉट न्यूज

युवती की आत्महत्या में फंसा प्रेमी

इंदौर। आजाद नगर इलाके में रहने वाली एक आदिवासी युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कमला कटरा 21 साल को बड़े अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। कमला की सहेली रिंकू ने बताया कि वह मथुरा कॉलेज में बी फार्मा की पढ़ाई कर रही थी। उसकी दोस्ती राहुल अजनार निवासी झाबुआ से थी। दोनों पिछले 6 साल से एक दूसरे के संपर्क में थे और उनके बीच संबंध भी थे। कुछ समय पहले राहुल ने कमला से दूरी बना ली और किसी दूसरी लड़की से बात करने लगा। यहां बात कमल ने अपनी बहन और सहेली को बताई थी। उसने कहा था कि वह राहुल के बिना नहीं रह सकती। इसी दौरान राहुल ने उसे आत्महत्या के लिए उकसाया इससे आहत होकर उसने सुसाइड कर लिया। पुलिस ने जांच के बाद राहुल के खिलाफ केस दर्ज किया।

बाइक की टक्कर से घायल बुजुर्ग की मौत

इंदौर। बीआरटीएस पर प्रेस कॉम्पलेक्स के सामने तेज रफ्तार बाइक चालक ने एक बुजुर्ग को टक्कर मारकर गंभीर घायल कर दिया। उपचार के दौरान घायल बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। एमआइजी पुलिस के मुताबिक हादसा 29 जून को हुआ था। मृतक का नाम जगदीश कुमार (66) है। पुलिस ने बाइक नंबर एमपी 09 डीएक्स 4990 के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना दिनांक को आरोपी बाइक चालक ने बाइक को तेजी और लापरवाही से चलाते हुएजगदीश कुमार को टक्कर मार दी थी, जिनकी इलाज के दोरान मृत्यु हो गई।

मकान का एग्रीमेंट कर रुपए हड़पने वाले दंपती पर केस

इंदौर। खुड़ैल इलाके में एक दंपती ने फरियादी से मकान का सौदा कर एग्रीमेंट किया और रुपए भी ले लिए मगर मकान की रजिस्ट्री दूसरे को कर दी। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। खुड़ैल पुलिस के मुताबिक धोखाधड़ी की वारदात फरियादी कमल सिंह तोमर के साथ हुई। उसकी शिकायत पर पुलिस ने जांच के बाद आरोपी अशोक शिवहरे पिता मोहनलाल निवासी नेहरू नगर इंदौर और पत्नी शालू शिवहरे के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों के साथ 13 मार्च को पुष्परतन कॉलोनी ग्राम देवगुराड़िया में मकान का सौदा कर एग्रीमेंट किया था। आरोपययों को रुपए भी दे दिए थे। उन्होंने जल्दी से मकान की रजिस्ट्री करने को कहा था। मगर बाद में धोखाधड़ी करते हुए आरोपियों ने मकान की रजिस्ट्री अन्य व्यक्ति के नाम पर कर दी। फरियादी ने पुलिस को शिकायत के साथ एग्रीमेंट और अन्य दस्तावेज भी सौंपे थे। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए आरोपी दंपति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। मामले में आगे की विवेचना और कार्रवाई की जा रही है।

लांयस क्लब इन्दौर अहिल्या की अध्यक्ष बनी

प्रतिभा श्रीवास्तव, नई कार्यकारिणी का संस्थापन हुआ

संवाददाता ● इंदौर

लायंस क्लब ऑफ इंदौर अहिल्या का 2025-26 का संस्थापन समारोह होटल साउथ एवेन्यू में सम्पन्न हुआ। सभा का प्रांरभ राष्ट्रगान व ध्वज वंदना के साथ हुआ। संस्थापन अधिकारी GAT एरिया वाईस लीडर लायन कुलभूषण मित्तल द्वारा अध्यक्ष लायन प्रतिभा श्रीवास्तव, सचिव लायन निशा खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष लायन मीना राठौर व कार्यकारिणी सदस्यों को हाथ में अक्षत देकर संकल्प के साथ शपथ दिलवाई गई साथ ही मिशन 1.5 के लिए सदस्यता वृद्धि व लायंस अंतराष्ट्रीय के सेवा उद्देश्यों को पूरा करने हेतु गतिविधियों के लिए उचित मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जयप्रकाश त्रिपाठी द्वारा नये सदस्यों को पिन लगाकर सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर और क्लब सलाहकार लायन रश्मि गुप्ता, रीजन चेयरपर्सन लायन श्वेता खनूजा, डॉ शैलबाला अग्रवाल, सुशीला माथुर, आशा पुराणिक, हेमा शुक्ला, नीलम बत्रा आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष लायन प्रतिभा श्रीवास्तव द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन में वर्ष भर की कार्य योजना की जानकारी दी।अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

अत्याधुनिक तकनीक से चोरल और यशवंत सागर तालाबों में मछली पालन

इंदौर। इंदौर के चोरल और यशवंत सागर तालाबों में अत्याधुनिक तकनीक केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक मत्स्य पालकों से आवेदन बुलाये गये है। मत्स्य पालन के माध्यम रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में यह अभिनव पहल की जा रही है। जिले पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि मत्स्य पालन के लिए केज कल्चर अत्याधुनिक पद्धति है। इसमें रोजगार की भी अपार संभावनाएं है। उन्होंने बताया कि इसको दृष्टिगत रखते हुए जिले के मत्स्य पालकों को केज कल्चर से मत्स्य पालन के लिए चोरल और यशवंत सागर तालाब का जल क्षेत्र देने का निर्णय लिया गया है। इच्छुक मत्स्य पालक अपना आवेदन मत्स्य पालन विभाग में प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु मत्स्य पालन विभाग के मछली फार्म खंडवा रोड के कार्यालय पर संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक मत्स्य पालक उक्त तालाबों के जल क्षेत्र में स्वयं के व्यय पर केज का निर्माण कर मत्स्य पालन निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप कर सकते हैं।

कलेक्टर आशीष सिंह ने जनसुनवाई में दिए निर्देश, आमजन से रूबरू होकर उनकी सुनी समस्याएं

देवी अहिल्या श्रमिक गृह निर्माण संस्था की वरियता सूची करें जल्द फाइनल

संवाददाता ● इंदौर

कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये है कि देवी अहिल्या श्रमिक कामगार गृह निर्माण सहकारी संस्था के सदस्यों की पात्रता और अपात्रता का निर्धारण कर वरियता सूची जल्द फाइनल की जाए। कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देशित किया है कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर पूर्ण करें। कलेक्टर सिंह से आज उक्त संस्था से संबंधित सदस्य जनसुनवाई में मिले थे और अपनी समस्या बताई तथा जल्द से जल्द संस्था की वरियता सूची प्रकाशित करवाने का आग्रह किया।

कलेक्टर कार्यालय में आज जनसुनवाई सम्पन्न हुई। इसमें भूमि और प्लॉट संबंधी आवेदन भी बड़ी संख्या में आए। कलेक्टर सिंह ने बताया कि भू-माफियाओं के विरूद्ध इंदौर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। अनियमितताएं और प्लॉट धारकों के साथ धोखाधड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने अनेक मामलों में दूरभाष पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर कार्रवाई के निर्देश दिये। जनसुनवाई में उन्होंने नागरिकों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनका संवेदनशीलता के साथ हाथों-हाथ निराकरण किया। ऐसी समस्याएं जो मौके पर निराकृत नहीं हो सकी, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय की गई।

आवास, संपत्ति, पारिवारिक विवाद आदि मामले आए सामने

जनसुनवाई में आवास, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, निजी भूमि पर अतिक्रमण, बीमार व्यक्ति को आर्थिक सहायता आदि संबंध में आवेदन आयें। जनसुनवाई में प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष प्रकरणों को तय समय-सीमा में निराकृत करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जरुरतमंदों को इलाज, शिक्षा एवं रोजगार सहायता भी प्रदान की गई। निर्देश दिए गये कि जो प्रकरण मौके पर निराकृत नहीं हो सकते, उन्हें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कर, समय-सीमा में सकारात्मक समाधान किया जाए। जनसुनवाई में आए हर आवेदन का फॉलोअप सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि किसी भी आवेदक को दोबारा परेशानी का सामना न करना पड़े। त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों एवं मध्यस्थता केंद्रों को प्रेषित किए गए है ताकि निर्धारित समय-सीमा में इनका निराकरण हो सकें। जनसुनवाई में आज कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टरों और अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा आवेदकों की समस्याओं को सुना गया और उनका निराकरण किया गया।

शासकीय शालाओं में होगा शैक्षिक ओलंपियाड

इंदौर। प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिये विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन आरकेएस एमपी पोर्टल पर 30 जुलाई तक कर सकेंगे। इस वर्ष ओलंपियाड में दूसरी से लेकर 8वीं तक प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थी ओएमआर शीट पर प्रश्न हल करेंगे। इस व्यवस्था से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रारंभिक काल से अनुभव प्राप्त होगा। 2 और 3 के लिए इंग्लिश, हिन्दी और गणित, कक्षा 4 और 5 के लिए इंग्लिश, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण विषय पर और कक्षा 6, 7 और 8 के लिए हिन्दी, संस्कृत, इंग्लिश, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय में ओलंपियाड प्रतियोगिता होगी। ओलंपियाड के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने विस्तृत दिशा-निर्देश जिला शिक्षा केन्द्र और शालाओं को प्रेषित किए है।

रेलवे, नगर निगम, पुलिस सभी विभाग बनाएं समन्वय

रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण तुरंत शुरू करें : सिलावट

संवाददाता ● इंदौर

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में सिंगापुर टाउनशिप रेलवे अंडर ब्रिज को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें अपर कलेक्टर रोशन राय, नगर निगम के अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अभय राजगांवकर, अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी, विजय नगर एसीपी आदित्य पटले, अनुविभागीय अधिकारी सांवेर घनश्याम धनगर, अनुविभागीय अधिकारी जूनी इंदौर के प्रदीप सोनी, एसीपी ट्राफिक मनोज खत्री, लसूड़िया थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी सहित रेलवे, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जल संसाधन मंत्री सिलावट ने रेलवे अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सिंगापुर टाउनशिप के पास स्थित रेलवे अंडर ब्रिज के पास ट्रैफिक समस्याएं आ रही है, इसे देखते हुए समीप बन रहे नवीन अंडर पास के निर्माण कार्य को तत्काल चालू करें। यह निर्माण 2018 से हो रहा है, किन्तु अभी तक तैयार नहीं होने पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी से फोन पर चर्चा कर इस कार्य को तुरंत चालू करने के निर्देश दिए। जिस पर रेलवे अधिकारी ने उक्त कार्य को तुरंत चालू करने का आश्वासन दिया। मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी मौके पर जाकर देखे और सतत मॉनिटरिंग करें, ताकि बारिश के मौसम में स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। रेलवे, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस आदि विभाग समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि नागरिकों को परेशानियां न उठाना पड़े। मंत्री श्री सिलावट ने रेलवे अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बारिश के मौसम में यातायात बाधित होना स्वाभाविक है, क्योंकि कीचड़ और जल-भराव की आशंका बनी रहती है।

खंडहर हो चुके थे पुराने स्टॉप, परेशान होते रहे यात्री

एआईसीटीएसएल बना रहा शहर में 500 से ज्यादा स्टॉप

संवाददाता ● इंदौर

शहर में दौड़ रही सिटी बसों के लिए यात्रियों को इंतजार करने के लिए नए बस स्टॉप बनाए जा रहे हैं। बस स्टॉप पीपीपी मोड पर बनाए जा रहे हैं। पुराने खस्ता हाल हो चुके हैं बस स्टॉप की जगह के साथ ही नए बस स्टॉप भी बनाए जा रहे हैं। कुछ जगह पर नए बस स्टॉप लगभग तैयार हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि यात्रियों की सुविधाओं का एआईसीटीएसएल लगातार ध्यान रख रहा है।सुविधा मुहैया कराने प्रतिवर्ष लाखों रुपए भी खर्च किए जा रहे हैं।

परेशानी

जानकारी अनुसार यात्रियों की संख्या बढ़ने से बसों के रुट भी तैयार किए जा रहे हैं, ताकि कहीं भी आने जाने में दिक्कत नहीं हो सके। एआईसीटीएसएल द्वारा शहर में 200 स्थानों पर पीपीपी मॉडल पर बस स्टाप का निर्माण किना जाना प्रस्तावित है। इन स्टापेजों पर अत्याधुनिक सीसीटीवी सर्विलांस, रुट मेप, इमरजेंसी हेल्प लाइन नंबर, पेसेंजर इंफार्मेशन सिस्टम, यूएसबी चार्जिंग पाइंट की सेवा मिलेगी। अभी 30 स्थानों पर इनका निर्माण किया जा रहा है। आने वाले समय में 30 नवीन बस स्टाप की सौगात दी जाएगी। यह स्टापेज दवा बाजार, कलेक्टर आफिस, लालबाग, लेंटर्न चौराहा, हाईकोर्ट के पास, रीगल चौराहा, 56 दुकान और सत्यसांई चौराहा पर बनाए जा रहे हैं। वैसे तो बसों के लगभग सभी रुटों पर स्टापेज बने हुए हैं। कई स्टापेज अनदेखी के शिकार हो गए हैं, जिससे वहां यात्रियों को बस का इंतजार करने में दिक्कत आती है। बारिश का पानी भी स्टापेजों की छत से टपकता है। बैठक व्यवस्था भी ठीक नहीं है।इसे देखते हुए पिछले दिनों एआईसीटीएसएल ने नए स्टापेज बनाने की योजना तैयार की थी। योजना को मूर्तरुप देने स्टापेजों का काम शुरू किया गया है। यह स्टापेज पुराने स्टापेजों के आगे बनाए जा रहे हैं। पुराने स्टापेजों को भी दुरुस्त करने का काम तेजी से किया जा रहा है।

वर्तमान में बसों के लिए कई मार्गों पर आधा किलोमीटर दूर तक स्टापेज है। इतनी दूर जाने में कई बार यात्री कतराते हैं । वे स्टापेज तक पैदल जाने से बचने ई रिक्शा और अन्य वाहनों की मदद लेते हैं, जिससे सिटी बस को नुकसान होता है। यात्री कम से कम दूरी तय कर स्टापेज तक पहुंच सके। इसी उद्देश्य से 500 मीटर की दूरी पर स्टापेज बनाए जा रहे हैं। मामले में एआईसीटीएसएल के बस चालकों का कहना है कि स्टापेजों की दूरी से यात्रियों को तो फायदा होगा, लेकिन विभाग को आर्थिक क्षति उठाना पड़ेगी। हर एक-डेढ़ मिनट में नए स्टापेजों पर बसों का रोकना पड़ेगा, जिससे बैटरी, डीजल, गैस अधिक खर्च होगी। बार-बार बस रोकने से जल्द खराब होने का अंदेशा भी बना रहेगा।

उधर, जिन रूटों पर आधा किलोमीटर तक स्टापेज नहीं है, वहां यात्रियों को बैठाने बसें चाहे जहां खड़ी हो जाती है। खासकर, संकरे मार्ग पर यात्रियों को बैठाने - उतारने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। ऐसा दावा किया जा रहा है कि नए स्टापेजों को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा।

संपादकीय

व्यवस्था की नाकामी

बिहार के पूर्णिया में तंत्र-मंत्र के शक में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया। यह घटना राज्य की कानून-व्यवस्था के लिए जितनी चिंताजनक है, उतनी की शर्मनाक है शिक्षा व्यवस्था के लिए। जब भारत स्पेस में कदम रख संभावनाओं के नए दरवाजे खोल रहा है, तब इस तरह की वारदात बताती हैं कि समाज का एक तबका कितने गहरे अंधविश्वास में डूबा हुआ है। पीड़ित परिवार की एक महिला झाड़-फूंक करती थी। जब कुछ दिनों पहले गांव के एक बच्चे की मौत बीमारी के बाद हुई, तो लोगों का शक उस महिला और उसके परिवार पर गया। रिपोर्ट्स बताती हैं कि पहले भी इस गांव में कुछ लोगों की जान बीमारी से गई थी। लेकिन, लोगों को लगा कि इन सबके पीछे वही पीड़ित परिवार है। पहले पंचायत हुई और फिर भीड़ ने नृशंसता दिखाते हुए वारदात को अंजाम दिया। यह स्थिति तब है, जब राज्य में लॉ एंड ऑर्डर बड़ा मुद्दा बना हुआ है - पटना में बिजनेसमैन गोपाल खेमका की हत्या के बाद से सरकार अपनी छवि बचाने की कोशिश में है। पूर्णिया बिहार के सबसे पिछड़े जिलों में आता है। घटना जिस टेटगामा गांव में हुई, वह आदिवासियों का है। यहां के लोग अगर आज भी झाड़-फूंक के चक्करों में फंसे हुए हैं और जादू-टोने पर भरोसा करते हैं, तो इसके पीछे पिछड़ापन और अशिक्षा दोनों है। केंद्र की स्कूल एजुकेशन रिपोर्ट UDISE+ से पता चलता है कि आधुनिक शिक्षा को छोड़ दीजिए, बेसिक सुविधाओं के मामले में भी बिहार के स्कूल बाकी देश से बहुत पीछे हैं। राज्य के केवल 19.6% स्कूलों में कंप्यूटर हैं, जबकि महज 12.1% स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम। देश में ड्रॉपआउट यानी बच्चों के स्कूली पढाई छोड़ने की दर सबसे ज्यादा बिहार में है, 9-10वीं में 25% से भी ज्यादा। ढाई हजार से अधिक स्कूल केवल एक टीचर के भरोसे चल रहे हैं। जादू-टोने का लोगों के जीवन में दखल इसलिए भी है क्योंकि स्वास्थ्य व्यवस्था खुद बीमार है। पिछले साल आई CAG की रिपोर्ट बताती है कि पूर्णिया के सरकारी अस्पतालों में नर्सिंग स्टाफ की 72% कमी है। वैसे, पूरे बिहार में एक डॉक्टर के भरोसे 2,148 मरीज हैं। स्वास्थ्य विभागों में 49% पद खाली हैं। ऐसे में पूर्णिया की घटना पूरे सिस्टम की नाकामी है और इसकी जिम्मेदारी सभी को लेनी होगी।

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर: गुरु: साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नम:

गुरु के चरणों में अपने समस्त अहंकार घमंड अभिमान भ्रष्टाचारी मानसिकता अर्पित कर दें यही हमारी सच्ची गुरु दक्षिणा होगी।

– किशन सनमुखदास भावनानी

लेखक–क्रर विशेषज्ञ स्तंभकार
साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक
चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए

गुरु मेरी पूजा गुरु गोविंद गुरु मेरा पारब्रह्म गुरु भगवंत, गुरु मेरा ज्ञान हृदय ध्यान गुरु गोपाल पुरख भगवान, गुरु जैसा नहीं को देव, जिस मस्तक भाग सो लागा सेव इत्यादि माननीय गुरुवर की महिमा के अनेक आध्यात्मिक भजन हम अनेक बार शिद्दत से सुनते गाते आ रहे हैं क्योंकि भारतमाता की मिट्टी से ही मानवीय जीव की रग रग में आध्यात्मिकता, माता पिता गुरुवर के प्रति सम्मान आस्था समर्पण का भाव समाया हुआ है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र ऐसा मानता हूं कि जितनी आध्यात्मिकता की श्रद्धा भारत में है शायद ही यह विश्व के किसी भी अन्य देश में होगी। यहां सदियों से माता-पिता और आचार्य को गुरु का दर्जा दिया जाता है भारतीय संस्कृति की पहचान है कि, मातृमान् पितृमानाचार्यवान पुरूषो वेदः। (अर्थात, जब तीन उत्तम शिक्षक अर्थात एक माता, दूसरा पिता और तीसरा आचार्य हो तो तभी मनुष्य ज्ञानवान होगा।) प्रशस्ता धार्मिकी विदुषी माता विद्यते यस्य स मातृमान। पितृ देवो भव। आचार्य देवो भव। अतिथि देवों भव। अर्थात् माता को, पिता को, आचार्य को और अतिथि को देवता के समान मानकर उनके साथ व्यवहार करो। गुरुर्ब्रह्मा ग्रुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।। गुरु ब्रह्मा है, गुरू विष्णु है, गुरू महेश्वर अर्थात भगवान शंकर है। गुरु ही साक्षात परम ब्रह्म सर्वशक्तिमान है, ऐसे गुरु को मेरा नमस्कार। (उक्त श्लोक में गुरू की महत्ता स्पष्ट करते हुए गुरु को परम ईश्वर के तुल्य बताकर वंदना की गई है।) गुरु कृपा और आध्यात्मिक विकास गुरु पूर्णिमा का मूल उद्देश्य ही होता है, गुरु के प्रति श्रद्धा और आत्मा का शुद्धिकरण। इस दिन का आयोजन व्यक्ति के आध्यात्मिक उत्थान, साधना में सफलता और चित्त की स्थिरता लाने मेंसहायक होता है। विद्यार्थियों को विद्या, स्मरण शक्ति और अनुशासन की प्राप्ति होती है, वहीं साधकों को ध्यान, जप, और तप में मन की एकाग्रता मिलती है। यह दिन आत्मबोध और जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।इसलिए आज गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर हम माता पिता गुरु की विस्तार से चर्चा इस आर्टिकल के माध्यम से करके उसे पर अमल जरूर करेंगे। साथियों बात अगर हम इस बार गुरु पूर्णिमा की करें तो, अबकी बार बहुत ही अद्भुत संयोग बना है। दरअसल इस बार गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुवार है। गुरुवार 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व इस बार मनाया जा रहा है। पूर्णिमा पर भगवान विष्णु और उनके विभिन्न स्वरूपों की पूजा का सबसे ज्यादा महत्व शास्त्रों में बताया गया है। तो अब अबकी बार गुरु पूर्णिमा गुरुवार को होने से इसका महत्व और बढ़ गया है। इस शुभ अवसर पर यदि आप अपने घर में सत्यनारायण भगवान की कथा करवाते हैं तो आपको इसका कई गुना लाभ होगा। तो आइए जानते हैं गुरु पूर्णिमा पर घर में सत्यनारायण कथा करवाने के लाभ।गुरुवार और गुरु पूर्णिमा का संयोग अत्यंत दुर्लभ और अत्यधिक शुभ माना जाता है। जब गुरुवार, जो कि बृहस्पति ग्रह और विष्णु भगवान को समर्पित दिन होता है, और गुरु पूर्णिमा, जो ज्ञान, उपासना और श्रद्धा का पर्व है, एक साथ आते हैं, तो यह काल धार्मिक अनुष्ठानों के लिए सर्वश्रेष्ठ हो जाता है। साथियों बात अगर हम गुरु शिष्य परंपरा की करें तो,गुरु-शिष्य परम्परा आध्यात्मिक ज्ञान को नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का सोपान है। भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परम्परा के अन्तर्गत गुरु अपने शिष्य को निस्वार्थ भाव से शिक्षा देता है। जिसके बदले में शिष्य अपने गुरु को शिक्षा समाप्त होने पर गुरुदक्षिणा देता है। बाद वही शिष्य अपने गुरु के बताये हुए मार्गदर्शन पर चलकर समाज सेवा करता है। या फिर गुरु बनकर दूसरों को शिक्षा देता है। जिससे यह कर्म चलता रहता है। गुरु-शिष्य की यह परम्परा ज्ञान के किसी भी क्षेत्र में हो सकती है। जैसे अध्यात्म, संगीत, कला, वेदाध्ययन, वास्तु ,विज्ञान, चिकित्सा आदि। प्राचीन समय में गुरु आश्रमों में अपने शिष्यों को शिक्षा दिया करते थे। उस समय उनके बीच मधुर सम्बन्ध हुआ करते थे। प्राचीन समय में गुरु शिष्य के बीच अगाध प्रेम हुआ करता था। शिष्य अपने गुरु के प्रति पूर्ण श्रद्धा व समर्पण का भाव रखता था। गुरु निस्वार्थ भाव से अपने शिष्य को शिक्षा दिया करते थे। गुरु और शिष्य के बीच केवल शाब्दिक ज्ञान का ही आदान प्रदान नहीं होता था बल्कि गुरु अपने शिष्य के संरक्षक के रूप में भी कार्य करता था।अतः गुरु कभी भी अपने शिष्य का अहित नहीं चाहता है। वह हमेशा अपने शिष्य का भला सोचता है। शिष्य का यही विश्वास गुरु के प्रति उसकी अगाध श्रद्धा और समर्पण का कारण रहा है। साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष्य की करें तो जितना माता-पिता और आचार्य को देव समझने वाली इस भव्य भारतीय संस्कृति का गुणगान किया जाए उतना ही कम है परंतु वर्त्तमान समय में यह स्थिति बिल्कुल उलट है। आज आश्रमों की जगह स्कूल कॉलेज ने ले ली है। और गुरु शिष्य का सम्बन्ध वैसा नहीं रहा जैसा प्राचीन समय में रहता था। आज गुरु शिष्य के सम्बन्ध सही नहीं है। और गुरु शिष्य का सम्बन्ध स्वार्थ से पूर्ण हो गया है। गुरु शिष्य परम्परा समाप्त सी हो गयी है।इस कराल काल में आज भौतिकवाद के प्रभाव में व्यक्तिवादी भोगवादी तथा स्वार्थपरायणता का तांडव नृत्य हो रहा है वहां मानव जीवन में इन दिव्य और उदार विचारों की विलुप्तता की ओर कदम बढ़ाने को रेखांकित करना जरूरी है। कदाचित कुछ संस्कारी परिवार उपरोक्त संस्कृति के श्लोकों और विचारों का सिंचन अपनी पीढ़ी में करते भी होंगे परंतु पाश्चात्य संस्कृति के बदलते प्रभाव को रोकने के लिए बड़े बुजुर्गों बुद्धिजीवियों को आगे आकर जागरूक करने और एक्शन उठाने का समय आ गया है। साथियों बात अगर हम गुरु के महत्व की करें तो, गुरु कोई साधारण इंसान नहीं होता है। गुरु ही एक जरिया है जिसके बताये हुए पद चिन्हो पर चलने से कठिन से कठिन मुकाम को हासिल किया जा सकता है। इसीलिए हमेशा गुरु का पूर्ण सम्मान करे। गुरु की आज्ञा का पालन करना चाहिए। एक गुरु ही हमें समाज में अपनी पहचान बनाने की शिक्षा देता है। प्राचीन समय से लेकर वर्तमान तक गुरु का स्थान सर्वोपरि रहा है। जीवन में अगर गुरु का आशीर्वाद हो तो बड़ी से बड़ी कठिनाईयों से मुकाबला किया जा सकता है। साथियों जिस तरह एक बच्चे की माँ उसकी प्रथम गुरु होती है जिसे वो खाना पीना, बोलना, चलना, आदि तौर तरीके सिखाती है। ठीक उसी तरह गुरु अपने शिष्य को जीवन जीने का तरीका बताता है। उसे सफलता के हर वो पहलु बताता है जो उसके लिए उपयुक्त हो।

विचार

महान कार्य नहीं कर सकते हैं, तो छोटे कार्यों को महान तरीके से करें। आपका दृष्टिकोण आपकी दिशा निर्धारित करता है।

● महात्मा गांधी

चाणक्य



चाणक्य ने जीवन में स्वच्छता को भी धन और समृद्धि से जोड़ा है। उनका मानना है कि जो व्यक्ति रात में रसोई में झूठे बर्तन छोड़कर सो जाता है, उसे माता लक्ष्मी की नाराजगी झेलनी पड़ती है, जिससे आर्थिक संकट आता है। घर और रसोई की साफ-सफाई से न केवल स्वास्थ्य बना रहता है, बल्कि धन की भी वृद्धि होती है। इसलिए घर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

● आचार्य चाणक्य

सुकरात

"असली ज्ञान वह है जो हमारे कार्यों में परिलक्षित होता है"
अर्थः ज्ञान का मूल्य तभी है जब हम उसे अपने कार्यों में लागू करते हैं.

● सुकरात के अनुसार

Business News

बुलियन मार्केट

सोना 500 घटा, चांदी 300 रुपए नरम

इंदौर। स्थानीय सराफा बाजार में सोना एवं चांदी की कीमतों में घटबढ़ बनी होने से सोने की कीमतों में 500 रुपए प्रति 10 ग्राम की नरमी देखी गई वहीं चांदी की कीमत में 300 रुपए प्रति किलो की गिरावट दर्ज की गई। बाजारों में फिलहाल सुस्ती बनी हुई है। बाजार जानकारों के मुताबिक रक्षाबंधन त्योहार के आसपास ग्राहकी चलने की उम्मीद है। सोने का 96800 रुपए का भाव रहा वही चांदी 106800 का भाव रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3294 ऊपर में 3307 नीचे में 3282 चांदी 3660 सेण्ट ऊपर में 3676 नीचे में 3641 नकद में केडबरी 96800 एक दिन पूर्व 97300 आरटीजीएस 98500 सोना 22 कैरेट 90100 जीएसटी सहित चांदी नगद 106800 एक दिन पूर्व 107100 आरटीजीएस में 108000 चांदी टंच 107000 रु. सिक्का 1180 भारतीय रुपया 85.70 के भाव रहे।

इंदौर सराफा- सोना केडबरी रवा नकद 96800, आरटीजीएस 98500 रुपए, सोना 22 कैरेट (जीएसटी सहित) 90100 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी नकद 106800, आरटीजीएस 108000 और टंच 107000 रुपए प्रति किलो रही। चांदी का सिक्का 1180 रुपए प्रति नग।

उज्जैन सराफा- सोना केडबरी 97400 और रवा 97300 रुपए प्रति दस ग्राम। चांदी पाट 107300,टंच 107200 रुपए प्रति किलो। सिक्का 1200 रुपए प्रति नग बिका।

गेहूं की कीमतों में थोड़ी मजबूती के आसार

इंदौर। गेहूं की आपूर्ति अब घटने लगी है बरसात का मौसम होने से जो किसानों के पास स्टॉक है, उसको सुरक्षित रख चुके हैं। सरकारी खरीद बंद हो चुकी है, इन सब के बावजूद भी वर्तमान भाव के गेहूं में थोड़ी मजबूती आ सकती है। अब ज्यादा तेजी मंदी सरकार की बिक्री नीति पर निर्भर करेगी। अगले महीने से सरकार खुले बाजार में गेहूं बचेगी या नहीं तथा किस हिसाब से बचेगी, उसे पर सारी अटकलें लगाई जाएगी। फिलहाल इन भाव में 20-30 रुपए बाजार बढ़ सकते हैं।

अनाज- गेहूं मिल क्वालिटी 2875-2900, लोकवन 2550-2575, (147) 2900-3000, एवरेज 2600-2700, मालवराज 2350-2575, पूर्णा 2700-2900, चन्द्रोसी 3200-3300, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2775-2300 रुपए क्विंटल।

गुरुपूर्णिमा और श्रावण मास से ठीक पहले नारियल के दाम अब तक के उच्च स्तर पर

इंदौर। गुरुपूर्णिमा और श्रावण मास से ठीक पहले नारियल के दाम अब तक के उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। खेरची बाजार में नारियल के दाम इन दिनों 30 से 35 रुपये प्रति नग बताए जा रहे हैं। गुरुपूर्णिमा से रक्षाबंधन तक का समय नारियल की बिक्री के लिहाज से वर्ष का सबसे प्रमुख सीजन होता है। ऐसे में आसार हैं कि रक्षाबंधन के पहले नारियल के दाम खेरची बाजार में 40 रुपये प्रति नग तक पहुंच सकते हैं। गर्मी का मौसम बीतने और मानसून की आहट से ठीक पहले एकाएक नारियल के दाम बढ़ने लगे और अब बाजार भी दामों में आ रही तेजी से हैरान हैं। प्रदेश की सबसे बड़ी थोक किराना मंडी सियागंज में मंगलवार को नारियल के दाम थोक खरीदी पर प्रति नग 27 रुपये के स्तर पर आ गए। खेरची दुकानों पर नारियल 30 से 35 रुपये प्रति नग के भाव पर बेचे जा रहे हैं। सियागंज के नारियल कारोबारी कहते हैं 'मैं 40 वर्षों से नारियल का व्यापार कर रहा हूं लेकिन इतने ऊंचे दामों पर नारियल कभी बिकते नहीं देखे। गर्मी के दौरान तो कीमतें सामान्य थीं। इसके बाद महीनेभर में दाम बहुत तेजी से उछले। अब जो दाम हैं, वे चार दशक में सबसे ज्यादा हैं। मांग और ग्राहकी तो अब बढ़ेगी, ऐसे में दाम खेरची में 40 रुपये प्रति नग पर पहुंचें तो आश्चर्य नहीं होगा।' खेरची दुकानदार चेतन आहूजा के अनुसार इस साल की शुरुआत में नारियल के भाव 18 से 20 रुपये प्रति नग थे। इसके बाद 22 से 25 रुपये प्रति नग बिकने लगा। आम तौर पर 25 रुपये को नारियल के दाम का उच्च स्तर माना जाता है। अब तो दाम ने 30 रुपये की सीमा भी लांघ दी है। इंदौर नारियल व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा के अनुसार दक्षिण भारत के आपूर्तिकर्ता कह रहे हैं कि इस साल नारियल का स्टाक कम है। केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु में नारियल का तेल उत्पादन करने वाली बड़ी कंपनियां खुद किसानों से सूखा नारियल यानी खोपरा (कोप्रा) खरीद रही हैं। उन्हें भी पर्याप्त माल नहीं मिल रहा। इसका असर रहा कि दक्षिण भारत में ही जो नारियल तेल इस साल की शुरुआत में 200 रुपये प्रति लीटर था, अब 450 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। तेल कंपनियां महंगा खोपरा खरीदने को तैयार हैं, ऐसे में दक्षिण भारत के किसान गीला नारियल बेचने की बजाय उसे प्रोसेस कर खोपरा बनाकर बेचने में जुट गए हैं। मार्च-अप्रैल में नारियल की नई फसल आएगी, उससे पहले दामों में खास गिरावट की उम्मीद नहीं है।

आगे से ही मंडियों में माल महंगा आ रहा

सियागंज होलसेल किराना मर्चेंट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नईम पालवाल के अनुसार दक्षिण भारत के उत्पादक क्षेत्रों से नारियल की आपूर्ति इंदौर व मप्र में होती है। महीनेभर से उत्पादक मंडियों से ही दाम बढ़ाकर आपूर्ति की जाने लगी है। इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि वहां नारियल तेल की मांग बढ़ी है और पर्याप्त स्टाक नहीं होने से दाम तेज हो रहे हैं। हालांकि उछलते दामों से व्यापारी चिंतित हैं।

कॉर्पोरेट समाचार

जून 2025 में वाहनों की त्योहार और शादियों ने बढ़ाई मांग

नई दिल्ली। देश में सभी सेगमेंट की ऑटोमोबाइल खुदरा बिक्री जून 2025 में सालाना आधार पर 4.84 प्रतिशत बढ़कर 20.03 लाख यूनिट से ज्यादा हो गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोटिव डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार कि दोपहिया वाहनों की बिक्री 4.73 प्रतिशत, तिपहिया वाहनों की 6.68 प्रतिशत, पैसेंजर व्हीकल की 2.45 प्रतिशत, कमर्शियल व्हीकल की 6.6 प्रतिशत, ट्रैक्टरों की 8.68प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट्स की बिक्री 54.95 प्रतिशत बढ़ी। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने बताया कि त्योहार और शादी के सीजन ने बिक्री को प्रोत्साहन दिया, लेकिन वित्तीय चुनौतियां, कुछ मॉडलों की सीमित उपलब्धता, शुरुआती मानसूनी बारिश और इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता ने खरीद के पैटर्न को प्रभावित किया। विग्नेश्वर ने बताया कि जून में दोपहिया वाहनों की मांग अच्छी रही, जबकि पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में बिक्री में सालाना 2.45प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, हालांकि मासिक आधार पर इसमें 1.49 प्रतिशत की गिरावट रही।

ओमेक्स इंदौर में करेगा 1,200 करोड़ का निवेश, 450 एकड़ में बनेगी टाउनशिप

नई दिल्ली/इंदौर। रियल एस्टेट की दिग्गज कंपनी ओमेक्स लिमिटेड ने इंदौर में अपनी उपस्थिति और मजबूत करते हुए 450 एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर लिया है। कंपनी इस विशाल भूखंड पर एक एकीकृत टाउनशिप विकसित करने के लिए 1,200 करोड़ का बड़ा निवेश करेगी। यह कदम टियर-II शहरों में अपने कारोबार का विस्तार करने की ओमेक्स की महत्वाकांक्षी रणनीति का हिस्सा है। कंपनी ने बताया कि मध्य प्रदेश में व्यापार विस्तार के तहत यह अधिग्रहण किया गया है। ओमेक्स इस परियोजना को कई चरणों में पूरा करेगी और अगले तीन सालों में इससे 2,500 करोड़ का अनुमानित राजस्व हासिल होने की उम्मीद है। इस निवेश के लिए कंपनी आंतरिक संसाधनों का इस्तेमाल करेगी। यह प्रस्तावित टाउनशिप एक पूर्ण-सुविधा युक्त मिनी-शहर होगी, जिसमें आवासीय प्लॉट, आवास क्लस्टर, व्यावसायिक स्थान, खुदरा क्षेत्र, हॉस्पिटैलिटी स्पेस, स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल होंगी।

अब बिना पंजीकरण नहीं चलेगा तेल कारोबार! सरकार ला रही है सख्त नियम, मिलों पर रखी जाएगी कड़ी नजर

नई दिल्ली। खाद्य तेलों की बढ़ी कीमतों के बीच केंद्र सरकार ने वनस्पति तेल उत्पाद, उत्पादन और उपलब्धता (विनियमन) आदेश, 2011 (वीओपीपीए) में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत आधुनिक तरीकों से सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टेड तेल सहित वनस्पति तेल या किसी भी संबंधित उत्पाद के सभी उत्पादकों और विक्रेताओं को विनियमित करने का प्रयास किया गया है।

कुछ दिन पहले जारी किए गए इस आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर कोई निर्धारित समय के भीतर अपना पंजीकरण कराने में

विफल रहता है, उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। इन संशोधनों से खाद्य मंत्रालय के तहत आने वाले चीनी और वनस्पति तेल निदेशालय (डीवीएसओ) को अधिकार मिल जाएगा कि वह किसी भी या सभी वनस्पति तेल उत्पादों के उत्पादन में किसी भी वनस्पति तेल के उपयोग की अधिकतम या न्यूनतम सीमा निर्धारित कर सके। इसमें यह कहा गया है कि वनस्पति तेलों या वनस्पति तेल उत्पादों का प्रत्येक उत्पादक हर पखवाड़े अपने प्रसंस्करण इकाई में प्राप्त तेल की मात्रा और उनके द्वारा उपयोग की गई मात्रा का विवरण प्रस्तुत करे। उन्हें अपने पास रखे स्टॉक, एक्सट्रैक्टेड सॉल्वेंट की मात्रा और किस्मों, पिछले एक महीने में उत्पादित और बेची गई मात्रा का पूरा विवरण भी देना होगा। इस आदेश पर घरेलू खाद्य तेल व्यापार के एक वर्ग ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसे उद्योग में लाइसेंस राज और विनियमन वापस आने का डर है। उद्योग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'भारत में 15,000 से अधिक तेल मिलें और 250 से अधिक वनस्पति निर्माण इकाइयां हैं, जिनमें से अधिकांश छोटे पैमाने पर उत्पादन करती हैं। उनके लिए पंजीकरण और डेटा प्रस्तुत करना अनिवार्य करने से उनके संचालन में अनावश्यक बाधा पैदा होगी।' उन्होंने कहा कि इस आदेश को पूरी तरह से लागू करने से पहले सभी हितधारकों के बीच सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श और चर्चा की जानी चाहिए।

मेटल शेयरों में दबाव, 176 अंक टूटकर बंद हुआ सेंसेक्स

मुंबई। एशियाई बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लाल निशान में बंद हुए। भारत और अमेरिका के बीच मिनी ट्रेड डील से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प गुरुवार को नई टैरिफ दरों के साथ सात देशों की सूची जारी कर सकते हैं। वहीं, मेटल और आईटी शेयरों में बिकवाली के चलते आज बाजार गिरावट लेकर बंद हुआ। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 90 अंक के करीब की गिरावट लेकर 83,625.89 अंक पर ओपन हुआ। अंत में सेंसेक्स 176.43 अंक या 0.21 फीसदी की गिरावट लेकर 83,536 पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी-50 भी मामूली गिरावट के साथ 25,514.60 अंक पर ओपन हुआ। कारोबार के दौरान यह 125 अंक के दायरे में ही रहा। अंत में यह 46.40 अंक की गिरावट के साथ 25,476 पर बंद हुआ।

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. मुरूगन से की भेंट

जल्द गूंजेगा यह है आकाशवाणी का उज्जैन केंद्र : सीएम

संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में आकाशवाणी केंद्र प्रारंभ किए जाने की सैद्धांतिक सहमति हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरूगन से भेंट में सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत उज्जैन में शीघ्र आकाशवाणी केंद्र प्रारंभ करवाने का अनुरोध किया।

भेंट

केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. मुरूगन ने इसकी सहमति एवं आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ करवाने के लिए आश्वस्त किया। आकाशवाणी स्टूडियो का निर्माण होने तक उज्जैन केंद्र के प्रसारण की व्यवस्था आकाशवाणी केन्द्र इंदौर के माध्यम से किए जाने के प्रयास भी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में मंत्रीगण से भेंट के बाद मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि भारत सरकार के उपक्रम बंगलौर के बीईएमएल लिमिटेड के अत्याधुनिक रेल कोच विनिर्माण संयंत्र का शिलान्यास प्रदेश के रायसेन जिले में शीघ्र किया जाएगा। इसके लिए लगभग 1800 करोड़ रूपए का निवेश किया जा रहा है।

संयंत्र में मध्यप्रदेश सरकार, रेल मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय की भागीदारी रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से इस संयंत्र के शिलान्यास का अनुरोध किया गया है। साथ ही संयंत्र के महत्व पर विस्तार से चर्चा हुई है। केंद्रीय मंत्री श्री राजनाथ सिंह को जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश शासन ने रायसेन जिले में इस संयंत्र की स्थापना के लिए लगभग 60 हेक्टयर भूमि का आवंटन कर दिया है। यह संयंत्र लगभग डेढ़ हजार लोगों को रोजगार दिलवाने में भी सहायक होगा साथ ही देश के रेल कोच संयंत्रों के मानचित्र में विशेष स्थान बनाएगा।

केन्द्रीय नवकरणीय ऊर्जा मंत्री से की भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरुप नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ा काम किया जा रहा है। सभी प्रकार की नवकरणीय ऊर्जा जैसे सौर, पवन और पंप स्टोरेज सभी पर काम कर रहे हैं। पूरे देश में मध्यप्रदेश ही ऐसा राज्य है जो सबसे सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करवा रहा है, जिससे नई दिल्ली में मेट्रो ट्रेन चल रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के 32 लाख किसानों के लिए सोलर पैनल लगाकर देंगे जिससे भविष्य में किसान स्वयं की बिजली उत्पन्न कर सकें। इससे लगभग 18 हजार करोड़ की सब्सिडी के भार से राज्य सरकार मुक्त हो सकेगी। प्रधानमंत्री कुसुमश्री योजना में ए-बी-सी- तीनों श्रेणियों में मध्यप्रदेश सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी से चर्चा हुई और उम्मीद है कि नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में और अच्छी प्रगति होने वाली है। भविष्य में स्थापित होने वाले सोलर पार्क, जो लगभग 4200 मेगावाट क्षमता के होंगे, नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि बनेंगे। इसके अलावा उत्तरप्रदेश के साथ 2 हजार मेगावाट से सोलर एनर्जी के स्रोत विकसित होंगे जिससे दोनों राज्य 6-6 महीने आपस में बिजली का बंटवारा भी करेंगे।

शॉर्ट न्यूज

आगबबूला पत्नी ने पति को गर्म कलछी से पीटा

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में पत्नी से प्रताड़ित एक ऐसे पति का मामला सामने आया है, जो पहले से ही कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है और आए दिन पत्नी की प्रताड़ना का शिकार हो रहा है। पीड़ित में थाने में आकर पत्नी की शिकायत की है और पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उपनगर ग्वालियर के आउखाना घासमंडी में रहने वाले वीरेंद्र धाकड़ ने पुलिस को बताया कि वह कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है और अपने ही मकान में पत्नी व परिवार से अलग रहकर अपना जीवन यापन कर रहा है। इसके अलावा वह अपना खाना भी अलग ही बनाता है ताकि पत्नी अथवा परिवारजनों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। बावजूद इसके उसकी पत्नी प्रीति धाकड़ आए दिन वीरेंद्र से किसी न किसी बात को लेकर विवाद करती रहती है और कई बार नौबत मारपीट तक भी आ जाती है।

ट्रैफिक सिग्नल्स बंद होने से चौपट हुई यातायात व्यवस्था : हाईकोर्ट

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में जबलपुर शहर के बंद ट्रैफिक सिग्नल्स और कैमरों बंद होने को चुनौती देते हुए जनहित याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट में कार्यवाहक चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए ट्रांसपोर्ट कमिश्नर, जबलपुर कलेक्टर, एसपी जबलपुर और निगमायुक्त सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई 28 जुलाई को निर्धारित की है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ। पीजी नाजपांडे की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि जबलपुर शहर में तकरीबन 26 ट्रैफिक सिग्नल्स लगे हैं, जिनमें अधिकांश गत छह माह से बंद हैं। इसके कारण शहर की यातायात व्यवस्था चौपट हो गई है। सिग्नल्स बंद होने के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इसके अलावा कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी बंद पड़े हैं।

चार बच्चों की मां प्रेमी संग फरार, तलाश

हरदा। मध्य प्रदेश के हरदा जिले के डबल फाटक क्षेत्र से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां चार बच्चों की मां अचानक घर छोड़कर फरार हो गई है। महिला के पति ने सिटी कोतवाली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में पति ने बताया कि उसकी पत्नी पिछले कुछ दिनों से किसी अज्ञात युवक से बातचीत करती रहती थी और मंगलवार की सुबह बिना किसी को कुछ बताए अपने चारों बच्चों को छोड़कर घर से चली गई। पति का आरोप है कि पत्नी ने अचानक घर छोड़ने का फैसला इसलिए किया क्योंकि वह अपने प्रेमी के साथ कहीं भाग गई है। उसने बताया कि पत्नी के फोन कॉल्स और उनके बीच चल रहे संबंधों के बारे में उसे पहले से शक था लेकिन उसने कभी इस बात की पुष्टि नहीं की थी। पुलिस ने शिकायत के बाद तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी बता रहे हैं कि महिला और उसके प्रेमी की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं।

प्रमोशन नियमों में कैविएट लगाने के बाद भी

हाई कोर्ट में मजबूत जवाब पेश नहीं कर पाई सरकार

संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को पदोन्नति देने के नियम बनाकर लागू करने के साथ ही राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में कैविएट दायर की थी ताकि कोर्ट में किसी भी तरह का मामला आने पर सरकार का पक्ष अवश्य सुना जाए। बावजूद इसके सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से मजबूत जवाब नहीं आया। यही वजह है कि अब पदोन्नति का मामला एकबार फिर उलझता नजर आ रहा है। मंगलवार को सामान्य प्रशासन विभाग में दिनभर अधिकारी बैठकें करते रहे, लेकिन किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाए। उल्लेखनीय है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम- 2025 मप्र राजपत्र में 19 जून 2025 को अधिसूचित किया था। नए नियम से लगभग चार लाख कर्मचारियों की पदोन्नति का रास्ता साफ हुआ था, लेकिन सामान्य, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग एवं आरक्षित वर्ग को पदोन्नति देने का फार्मूला ठीक न होने से मामला कानूनी दांवपेच में उलझ गया।

मामला

नियम से पहले तुलनात्मक चार्ट भी नहीं बनाया जा सका, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि किस वर्ग का कितना प्रतिनिधित्व है। नियमों में इतनी विसंगतियां की गईं कि सरकार कोर्ट में यह भी स्पष्ट नहीं बता पा रही है कि वर्ष 2002 के पुराने नियम और 2025 में बने नए नियम में क्या फर्क है। अब 15 जुलाई को हाई कोर्ट में अगली सुनवाई है, तब तक सरकार को अपना पक्ष रखने का समय दिया गया है, लेकिन इस पूरे मामले को लेकर कर्मचारी फिर दो धड़े में बट गए हैं और सरकार को लेकर मुखर हो गए हैं। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि नए नियम में अनुसूचित जनजाति वर्ग को 20 प्रतिशत, अनुसूचित जाति वर्ग को 16 प्रतिशत आरक्षण दिया है। इसे लेकर किसी का कोई विरोध नहीं है लेकिन शेष 64 प्रतिशत जो पद अनारक्षित यानी सामान्य श्रेणी के हैं उन पर आरक्षित वर्ग को आरक्षित वर्ग को पदोन्नति का अवसर देने पर आपत्ति है।



अधिकांश विभागों ने कर ली थी डीपीसी

पदोन्नति नियम लागू होने से कई विभागों ने डीपीसी कर ली थी। पदोन्नति की सूची तक तैयार हो गई थी, लेकिन हाई कोर्ट में निर्णय के बाद विभागों ने अब फिलहाल पदोन्नति आदेश निकालने की प्रक्रिया रोक दी है। इससे पहले राज्य निर्वाचन आयोग में तो नए नियमों के तहत दो पदोन्नति सूची भी जारी कर दी थी। वहीं, पुराने नियम से जो अधिकारी-कर्मचारी पदोन्नत होकर सामान्य वर्ग से आगे हो गए थे, उन्हें पदावनत भी नहीं किया। जबकि, हाई कोर्ट ने पदावनत करने के लिए कहा था। इसके विरुद्ध सरकार उच्चतम न्यायालय चली गई थी और यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे। तब से न तो पदोन्नतियां हुईं और न ही किसी को पदावनत किया गया।

एमएसएमई हैकथॉन 5.0 : स्टार्टअप्स और नवाचार को मिलेगा इन्क्यूबेशन और फंडिंग का सुनहरा अवसर

भोपाल। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), रायसेन को भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा होस्ट इंस्टीट्यूट/बिजनेस इनक्यूबेटर के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय पिछले सात वर्षों से एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन के माध्यम से नवाचार और स्टार्टअप्स को मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और फंडिंग की सुविधा प्रदान करता आ रहा है। यह केंद्र अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग द्वारा समर्थित है और मध्य भारत के अग्रणी इनक्यूबेशन केंद्रों में गिना जाता है। एआईसी-आरएनटीयू विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (डीपीआईआईटी), निधि सीड सपोर्ट स्कीम (डीएसटी), जेनेसिस (मेइटी स्टार्टअप हब) और आईडेक्स-डीआईओ के साथ साझेदारी में स्टार्टअप्स को आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान करता है। अब तक 500 से अधिक स्टार्टअप्स को इससे लाभ मिला है। अब यह केंद्र सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को भी सहयोग प्रदान करने में सक्षम होगा। इसी क्रम में एमएसएमई मंत्रालय द्वारा आयोजित एमएसएमई हैकथॉन 5.0 में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एक सहयोगी संस्थान के रूप में भाग ले रहा है। इस हैकथॉन में कोई भी छात्र, एमएसएमई उद्यम या इनोवेटर भाग ले सकता है। चयनित विजेताओं को 15 लाख तक की राशि फंडिंग के रूप में प्राप्त हो सकती है। यह हैकथॉन नवाचार और विचारशीलता को प्रोत्साहन देने तथा उन्हें सरकारी सहायता से सशक्त बनाने का एक सुनहरा अवसर है। हैकथॉन में भाग लेने की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी और मार्गदर्शन के लिए रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय परिसर स्थित एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन से संपर्क कर सकते हैं।

भोपाल में 'सुरमा भोपाली' की दहशत

ऑफिस आती-जाती महिलाओं का करता है पीछा, तलाश रही पुलिस

संवाददाता ● भोपाल

राजधानी की गांधी नगर थाना पुलिस आंखों में सुरमा लगाने वाले एक मनचले युवक की तलाश कर रही है। यह मनचला सुबह ड्यूटी पर जाने वाली महिलाओं का पीछा कर उनके साथ अश्लील हरकत करता है। इस मामले की शिकायत एक महिला ने पुलिस से की है। बाद में पता चला कि महिला के साथ काम करने वाली कई अन्य महिलाओं के साथ भी वह मनचला इसी प्रकार की हरकतें कर चुका है।

जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 32 वर्षीय महिला ने पुलिस को बताया कि बीती एक जुलाई को सुबह वह अपनी ड्यूटी पर जा रही थी, तभी एयरपोर्ट ब्रिज के पास एक युवक ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। वह महिला को अश्लील इशारे भी करता जा रहा था। पीछा करने के दौरान महिला अपनी स्कूटर से गिरते हुए बची थी। कार्यालय पहुंचकर

महिला ने सहकर्मियों से जब इसकी चर्चा की तो पता चला कि उक्त युवक दूसरी कई महिलाओं के साथ भी इसी प्रकार की हरकत कर चुका है। उसके बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत की।

सीसीटीवी कैमरे से मनचले की तलाश

पीड़िता ने पुलिस को मनचले का हुलिया बताया है। आरोपी मोटा और काला है। वह आंखों में सुरमा लगाता है और कुर्ता पायजामा के साथ पैरों में सैंडल पहनता है। पुलिस का कहना है कि इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आरोपी की पहचान करने के बाद उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

तैरते-तैरते फूलने लगी सांसें, डूबने से युवक की मौत

दोस्तों के साथ घूमने गया था कलियासोत डैम

संवाददाता ● भोपाल

कलियासोत डैम में मंगलवार सुबह एक युवक की डूबने से मौत हो गई है। युवक को तैरना आता था, वह तीन दोस्तों के साथ घूमने पहुंचा था। तैरते समय युवक की सांसें फूलने लगीं तो वह अपने दोस्त के सहारे बाहर निकलने की कोशिश करता रहा, लेकिन निकल नहीं पाया और उसकी मौत हो गई है। युवक की बहन दुबई में रहती है, वह भोपाल के लिए रवाना हो चुकी है।

हादसा

घटना सुबह करीब नौ बजे की है। रातीबड़ थाना पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय विशाल नारायण नायडू एक निजी कंपनी में कार्य करता है और भोपाल से ही वर्क फ्रॉम होम कर रहा था। विशाल मूलतः दक्षिण भारत का रहने वाला था। उसकी दुबई में जॉब करती है। करोंद क्षेत्र में रहने वाला विशाल नायडू तीन दोस्तों के साथ कलियासोत डैम घूमने गया था। वह घूमने के साथ तैरना शुरू कर दिया। चूंकि विशाल को पहले से तैरना आता था, इसलिए वह शुरू में कंफर्ट था। विशाल के दोस्तों को तैरना नहीं आता। एक दोस्त उसके तैरने का वीडियो बना रहा था। यह वीडियो भी पुलिस को मिला है। करीब डेढ़ मिनट के वीडियो में दिख रहा है कि विशाल पानी में कूदने के बाद करीब 40 सेकंड तक तैरने के बाद डूबता है।

वीडियो में विशाल का एक दोस्त पानी में खड़ा होकर देख रहा था। इतने में दूसरा दोस्त कहने लगा कि विशाल की सांसें फूल रही हैं, उसे पकड़ो। यह सुनते ही विशाल का पानी में खड़ा दोस्त कंधे का सहारा लेने की कोशिश करता है, इसी बीच विशाल डैम में डूब गया। हादसे के बाद दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी, इसके बाद मौके पर पुलिस और गोताखोरों की टीम पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला जा सका है। थाना प्रभारी रास बिहारी शर्मा ने बताया कि दुबई से भोपाल के लिए बहन रवाना हो चुकी है। बहन के भोपाल आने के बाद ही उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

भोपाल के निजी अस्पताल में बच्चा बदलने का आरोप

पिता बोले- हमें दी बच्ची और कागजों में लिखा मेल, अस्पताल प्रबंधन ने कहा- गलती हुई

संवाददाता ● भोपाल

भोपाल के निजी अस्पताल में बच्चा बदलने के गंभीर आरोप लगे हैं। गांधी मेडिकल कॉलेज के पीजी रेजिडेंट डॉ. तरुण मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) को इससे जुड़ी लिखित शिकायत की है। जिसमें उन्होंने कहा है कि 1 जुलाई को उनकी पत्नी अवनी शर्मा मिश्रा ने गौतम नगर स्थित विजया मैटरनिटी एंड नर्सिंग होम में एक नवजात को जन्म दिया। जन्म के बाद संबंधित स्टाफ ने तत्काल यह जानकारी नहीं दी कि जन्म लड़के या लड़की का हुआ है। कुछ देर बाद डॉक्टर ने हमें बताया कि बच्ची का जन्म हुआ है। लेकिन जब 3 जुलाई को डिस्चार्ज पेपर तैयार हुए तो उन दस्तावेज में शिशु के लिंग को "मेल" बताया गया। जबकि, हमें दिया गया शिशु लड़की है। इतना ही नहीं, नवजात का वास्तविक वजन 3.1किलोग्राम था। जबकि दस्तावेजों में 3.74 किलोग्राम लिखा था मामले में अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि, बच्ची के जन्म के बाद तय प्रोटोकॉल के तहत पूरी प्रक्रिया की गई। पहले बच्चे और मां को स्टेबल किया गया। दोनों के स्टेबल होते ही मां को और परिजनों को जानकारी दी गई कि बच्ची का जन्म हुआ है।

प्रदेश में अब तक 14 इंच हुई बारिश

मध्य प्रदेश में आज 35 जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट

संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने की वजह से लगातार तेज बारिश का दौर चल रहा है। लगातार हो रही बारिश से प्रदेश की स्थिति बिगड़ गई है। कई क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। प्रदेश में अब तक औसत 14 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 74% ज्यादा है। बुधवार को प्रदेश के 35 जिलों में अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट है। पूर्वी हिस्से के जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में असर ज्यादा रहेगा। मौसम विभाग ने बुधवार को विदिशा, रायसेन, सागर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां अगले 24 घंटे में 8 इंच तक पानी गिरने की संभावना है। वहीं, भोपाल, सीहोर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, जबलपुर, कटनी, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, मैहर, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में भारी बारिश हो सकती है। इंदौर, उज्जैन, धार, बड़वानी, श्योपुर, हरदा समेत अन्य जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है।

अलर्ट

कई जिलों में बाढ़ के हालात–तेज बारिश से प्रदेश के मंडला, नरसिंहपुर समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं। नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इससे कई रास्ते बंद हैं। नरसिंहपुर के कई गांव पानी में आधे डूब गए। मंगलवार को टीकमगढ़ जिले में धसान नदी पर बने बान सुजारा बांध के 5 गेट और खोल दिए गए। दमोह में सतधरू और साजली बांध के तीन-तीन गेट और बैतूल जिले के सारणी में सतपुड़ा डैम के 7 गेट खोल दिए गए। नरसिंहपुर के कौड़ियां गांव में बाढ़ आ गई। कई घर आधे डूब गए। नर्मदापुरम में तेज बारिश की वजह से स्कूलों की छुट्टी कर दी गई। वहीं, मंडला में नर्मदा नदी खतरे के निशान के ऊपर बही। मंडला में ही उफनती नदी पार करने के दौरान 3 बाइक सवार बह गए। दो बच गए, लेकिन तीसरा लापता है। धार में खेतों में पानी भरने से फसलें खराब हो रही है।

9 घंटे में 5 इंच बारिश हुई

मंगलवार को नर्मदापुरम के पचमढ़ी में 9 घंटे में 5 इंच से ज्यादा पानी गिर गया। वहीं, नर्मदापुरम में सवा इंच, बैतूल, बालाघाट के मलाजखंड में 1 इंच, श्योपुर,छिंदवाड़ा-दमोह में पौन इंच पानी गिरा। भोपाल, मंडला, नरसिंहपुर, हरदा, दमोह, धार, रायसेन, टीकमगढ़, सीहोर, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, इंदौर, सिवनी, जबलपुर, सागर समेत कई जिलों में बारिश का दौर चलता रहा।

अगले तीन दिन ऐसा रहेगा प्रदेश का मौसम

10 जुलाई : विदिशा, रायसेन, सागर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, सिवनी, मंडला और बालाघाट। अगले 24 घंटे में 8 इंच तक पानी गिरने की संभावना है।भोपाल, सीहोर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, जबलपुर, कटनी, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, मैहर, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में भारी बारिश हो सकती है। इंदौर, उज्जैन, धार, बड़वानी, श्योपुर, हरदा समेत अन्य जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है।

11 जुलाई : रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, जबलपुर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, दमोह और छतरपुर में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। भोपाल, ग्वालियर, राजगढ़, देवास, हरदा, सीहोर, विदिशा, सागर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, टीकमगढ़, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में भारी बारिश हो सकती है। इंदौर, उज्जैन, खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, धार, रतलाम, नीमच, मंदसौर समेत अन्य जिलों में बारिश का दौर बना रहेगा।

12 जलाई : ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी और टीकमगढ़ में अति भारी बारिश का अलर्ट है।भोपाल, सीहोर, विदिशा, रायसेन, सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना, राजगढ़, शाजापुर, आगर-मालवा, उज्जैन, रतलाम, नीमच और मंदसौर में भारी बारिश हो सकती है।

ऐश्वर्या राय की भाभी श्रिमा ने रिक्रिएट किया एक्ट्रेस का कान फिल्म फेस्टिवल लुक

यूजर्स बोले-ननद को साथ लाओ

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन की भाभी श्रिमा पिछले कुछ सालों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक्टिव हैं और अपने फैशन, ब्यूटी कंटेंट से अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रही हैं। श्रिमा पर आरोप लगा था कि वो अपनी ननद ऐश्वर्या के नाम का इस्तेमाल कर के पॉपुलैरिटी बटोरना चाहती हैं। लेकिन श्रिमा ने अब से पहले कभी ननद ऐश्वर्या के नाम या उनकी किसी तस्वीर का इस्तेमाल अपने पेज पर नहीं किया। ये पहली बार है कि उन्होंने ननद ऐश्वर्या के कान लुक्स को रिक्रिएट किया है। श्रिमा पिछले कुछ वक्त से कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आए सेलिब्रिटीज के लुक को रिक्रिएट कर रही थीं। उनकी सीरीज का ये आखिरी वीडियो था जिसमें उन्होंने ननद ऐश्वर्या का लुक रिक्रिएट किया। उन्होंने ऐश्वर्या के गौरव गुप्ता आउटफिट वाले लुक को चुना, जिसमें उन्होंने ब्राइट आईशैडो, रेड लिपस्टिक और वेवी हेयर स्टाइल के साथ पूरे मेकअप को हूबहू रीक्रिएट किया। श्रिमा और ऐश्वर्या का रिश्ता काफी समय से चर्चा में रहा है। श्रिमा पर आरोप लगाया कि वह ऐश्वर्या के नाम का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन उन्होंने हमेशा इन आरोपों को झूठा साबित किया। नवंबर 2024 में अपने बर्थडे के बाद श्रिमा ने एक बयान जारी कर फैक्ट्स नाम पोस्ट में साफ किया था कि उन्होंने कभी भी किसी और के नाम से कोई बिज़नेस शुरू नहीं किया। उन्होंने लिखा था, "मैंने अपनी पहचान खुद बनाई है। मैं एक बैंकर थी, फिर 2017 में ब्लॉगिंग शुरू की। मैं किसी के नाम से नहीं, अपने दम पर यहां तक पहुंची हूं।" उम्मीद है श्रिमा अपनी ननद के साथ वाला भी वीडियो शेयर करेंगी।

दुनिया के सामने आएगा बॉलीवुड वाइफ्स का हर एक स्कैंडल?

जब एक आम आदमी बॉलीवुड वाइफ्स की लाइफ देखता है, तो उसकी इच्छा होती है कि ऐसी ही लाइफ काश उनको भी मिले। बड़े-बड़े स्टार्स की वाइफ की शानों-शौकत की कहानी तो करण जौहर अपनी नेटफ्लिक्स की सीरीज 'फैब्यूलस लाइफ विद बॉलीवुड वाइव्स' में दिखा चुके हैं, लेकिन उन्होंने कभी उनकी जिंदगी का डार्क साइड नहीं दिखाया। दबी जुबान में एक्टर्स की पत्नियों के एक्स्ट्रा मेरिटल अफेयर और काफी चीजों पर बातें होती रहती हैं, लेकिन कभी भी किसी ने इस पर खुलकर बात नहीं की। अब बॉलीवुड वाइव्स की लाइफ के छुपे हुए सच, स्कैंडल और गॉसिप को दुनियाभर

तक पहुंचाने का जिम्मा डायरेक्टर मधुर भंडारकर ने उठाया है। फैशन के डायरेक्टर की अगली फिल्म का टाइटल बहुत ही दिलचस्प है। मधुर भंडारकर का नाम उन डायरेक्टर्स की लिस्ट में शुमार है, जिन्होंने हमेशा से फिल्म इंडस्ट्री की उस सच्चाई को दिखाया है, जो अक्सर निर्माता-निर्देशक बताने से डरते हैं। चाहे वो फिल्म फैशन के जरिए हो, या फिर कैलेंडर गर्ल जैसी फिल्म बनाना। अब हाल ही नेशनल अवॉर्ड विनर ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है, जिसका टाइटल है 'द वाइव्स'। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए मधुर भंडारकर की अगली फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'स्कैंडल, गॉसिप और छुपे हुए सच...मधुर भंडारकर ने बॉलीवुड वाइव्स पर अपनी अगली फिल्म 'द वाइव्स' की शूटिंग शुरू कर दी है।

श्रद्धा कपूर का बॉयफ्रेंड संग फ्लाइट क्रू ने छिपकर बनाया वीडियो

श्रद्धा कपूर काफी समय से राहुल मोदी के साथ रिलेशनशिप में हैं। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट किया जाता है। श्रद्धा ने खुद भी सोशल मीडिया पर राहुल के साथ फोटो शेयर की हैं। अब हाल ही में श्रद्धा और राहुल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसे दोनों से छिपकर बनाया गया है। इस वीजियो को देखकर रवीना टंडन भड़क गई हैं। दरअसल, श्रद्धा और राहुल फ्लाइट में एक-दूसरे के क्लोज बैठे हुए हैं। इसके अलावा किसी ने श्रद्धा के फोन पर लगे राहुल और उनकी फोटो के वॉलपेपर को भी कैप्चर किया। ऐसा कहा जा रहा है कि कैबिन क्रू मेंबर ने अपने फोन से इस वीडियो को रिकॉर्ड किया है।वीडियो वायरल होने पर रवीना ने कमेंट सेक्शन पर कमेंट किया, यह किसी की प्राइवेसी को खराब करना गलत है। क्रू को पहले पूछ लेना चाहिए। क्रू मेंबर्स से उम्मीद नहीं थी कि वह ऐसा करेंगे। बता दें कि दोनों के रिलेशन की खबरें साल 2024 में आने लगी थी। दोनों को कई जगह पर साथ देखा गया, लेकिन श्रद्धा ने कभी इस पर रिएक्ट नहीं किया। हालांकि उन्होंने एक इंटरव्यू में रिलेशनशिप में होने का हिंट दिया था। श्रद्धा ने कहा था, मुझे अपने पार्टनर के साथ टाइम स्पेंड करना काफी अच्छा लगता है। उनके साथ फिल्में देखना, डिनर

'डॉन 3' की शूटिंग जल्द शुरू करेंगे कियारा-रणवीर!

इस एक्ट्रेस की होगी सरप्राइज एंट्री, ऐसी है चर्चा

एक्टर रणवीर सिंह ने आज अपने फैंस को खुश करने का कोई मौका नहीं छोड़ा है। पहले उनकी फिल्म 'धुरंधर' के फर्स्ट लुक ने सोशल मीडिया पर बड़ा धमाका किया। अब उनकी एक और बड़ी फिल्म 'डॉन 3' से जुड़ी लेटेस्ट अपडेट सामने आई है। खबर है कि रणवीर, एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के साथ जल्द अपनी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। 'डॉन 3' जिसे फरहान अख्तर डायरेक्ट करने वाले हैं, खबर है कि अब बहुत जल्द इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। फिल्म पिछले काफी समय से अलग-अलग परेशानियों के कारण अटकी हुई थी। मगर अब मेकर्स इसपर जल्द से जल्द काम शुरू करने का प्लान कर रहे हैं। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'डॉन 3' अगले साल की शुरुआत में शूट होनी शुरू होगी। सूत्रों का कहना है, 'हां, शूट शुरू होने में देरी हुई है लेकिन इसमें कुछ किया नहीं जा सकता था। रणवीर सिंह जिन्होंने शाहरुख खान को इस फ्रेंचाइजी में रिप्लेस किया, उन्हें शाहरुख की जगह आने के लिए ऑनलाइन काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। फरहान और रणवीर ने खुद ये फैसला किया कि वो इस मामले के थोड़ा ठंडा होने का इंतजार करेंगे। वहीं रणवीर को भी अपने रोल के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार होना था जिसके लिए उन्हें मार्शियल आर्ट्स की ट्रेनिंग लेनी थी।' एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने जब अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी, तब ऐसी खबरें सामने आई थीं कि वो फरहान अख्तर की फिल्म से बाहर हो गई हैं। बीच में ये भी रिपोर्ट्स थीं कि कियारा की जगह फिल्म में कृति सेनन को कास्ट किया गया है। मगर सुत्रों की खबर के मुताबिक कियारा फिल्म से बाहर नहीं हुई हैं। अब देखने वाली बात होगी कि आखिर रणवीर सिंह की फिल्म में फीमेल लीड का रोल कौनसी एक्ट्रेस प्ले करेंगी।

दृश्यम-3 में होगी इन दो स्टार्स की वापसी

फिल्म की कहानी पर भी आया बड़ा अपडेट

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अजय देवगन की रेड 2 का नाम इस साल की हिट फिल्मों की लिस्ट में शामिल किया जाता है। इसमें एक्टर के काम को खूब सराहा गया। रितेश देशमुख ने भी किरदार की जरूरत को बखूबी निभाया। फिल्म इंडस्ट्री के उन चुनिंदा एक्टर में से एक अजय हैं, जिनकी फ्रेंचाइजी फिल्मों को लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। दृश्यम का नाम भी इस सूची का हिस्सा जरूर होता है। अब इसके तीसरे पार्ट पर बड़ा अपडेट आया है।

कब से शुरू होगी दृश्यम 3 फिल्म की शूटिंग?

दृश्यम के दो पार्ट पहले ही आ चुके हैं और अब इस हिट फ्रेंचाइजी फिल्म के तीसरे पार्ट का सभी को इंतजार है। अजय देवगन की भूमिका वाली दृश्यम 3 पर पहले अपडेट आया था कि इस फिल्म के तीसरे पार्ट के लिए अजय देवगन और मोहनलाल क्रमश हिंदी और मलयालम में शूटिंग करेंगे। अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म दृश्यम 3 की शूटिंग पर पिंकविला की रिपोर्ट में दावा किया गया कि स्टार कास्ट इश पर 2 अक्टूबर 2025 से मुंबई में काम शुरू करेगी। वहीं, फिल्म के हिंदी वर्जन के निर्देशन की जिम्मेदारी अभिषेक पाठक निभाएंगे। दावा किया गया है कि दृश्यम 3 फिल्म में अक्षय खन्ना और तब्बू वापसी करेंगे। बता दें कि दृश्यम 2 में अक्षय ने पुलिस वाले का किरदार निभाया था। अब अपडेट आया है कि वह अपने किरदार में एक बार फिर वापसी करेंगे। फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक पाठक ने हाल ही में अक्षय खन्ना और तब्बू से मुलाकात की। उन्होंने अजय देवगन की फिल्म के तीसरे पार्ट पर चर्चा की। साथ ही, दोनों कलाकार फिल्म की कहानी से प्रभावित हुए और तुरंत फिल्म में शामिल होने के लिए तैयार हो गए। अजय देवगन की हिट फ्रेंचाइजी फिल्म के बारे में यह जानकारी भी सामने आई है कि दृश्यम 3 के साथ इसका समापन होगा। फिल्म की कहानी के बारे में बात करें, तो यह अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना के निभाए गए किरदारों के इर्द-गिर्द घूमेगी। बता दें कि फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां से दूसरा भाग खत्म हुआ था।

12 साल से एक्टर संग लिवइन रिलेशनशिप में एक्ट्रेस

बॉलीवुड में ऐसे कई कपल हैं, जो सालों से रिलेशनशिप में हैं, साथ रहते हैं और एक-दूसरे से बेहद प्यार करते हैं, लेकिन इन स्टार्स ने अब तक शादी नहीं की है। इन्हीं कपल्स में से एक मुधा गोडसे और राहुल देव भी हैं। कपल ने अक्तूबर 2015 में अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल किया था, तभी से इनके फैंस इनकी शादी की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन कपल ने अब तक शादी नहीं की है। मुधा गोडसे सालों से राहुल देव के साथ लिवइन रिलेशनशिप में रह रही हैं, लेकिन शादी को लेकर फैसला नहीं किया है। इनके रिलेशनशिप को 12 साल हो चुके हैं। मुधा और राहुल अक्सर एक-दूसरे के साथ अपनी लव-डवी तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। हाल ही में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। कपल ने एक बेहद खूबसूरत तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसमें दोनों एक-दूसरे की आंखों में खोए दिखे। तस्वीर में दोनों एक बेंच पर बैठे हैं और एक-दूसरे की तरफ देखते हुए मुस्कुरा रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए मुधा ने बताया कि उनके रिलेशनशिप को 12 साल हो गए हैं। मुधा गोडसे ने राहुल देव के साथ ये खूबसूरत तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- '12 साल... (कौन गिन रहा है)' इसी के साथ उन्होंने एनिवर्सरी, लव और कपल गोल्स जैसे हैशटैग इस्तेमाल किए हैं। दोनों की इस तस्वीर पर यूजर जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। कई ने कमेंट करते हुए दोनों को बधाई दी। एक यूजर ने लिखा- 'हैप्पी एनिवर्सरी।' एक ने लिखा- 'बहुत खूबसूरत, आप दोनों को एनिवर्सरी की शुभकामनाएं।' एक ने लिखा- 'मैं जब 18 साल का था, आप दोनों को फैशन आईकॉन के तौर पर देखता था। बहुत-बहुत मुबारक, आप दोनों को साथ देखकर बहुत अच्छा लगता है।

जब कैटरीना से ऑटोग्राफ लेने पहुंची उनकी हमशक्ल

कैटरीना कैफ बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से हैं और सालों से उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी ये पोजिशन बरकरार रखी है। इसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और फिर बॉलीवुड के तमाम सुपरस्टार्स के साथ काम किया। कैटरीना बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्हें हर कोई पसंद करता है। लेकिन, इस बीच उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो 2005 में रिलीज हुई 'रेस' के प्रीमियर का है, इस वीडियो में विक्की कौशल की मिसेज के साथ एक और बॉलीवुड हीरोइन नजर आ रही है, जो उनसे ऑटोग्राफ ले रही है। इस दौरान कैटरीना कुछ ऐसे रिएक्ट करती हैं, जिस पर उन्हें अब यूजर घमंडी बता रहे हैं। दरअसल, इंस्टाग्राम पर कैटरीना का ये वीडियो जरीन खान ने शेयर किया है। जरीन खान इस वीडियो में कैटरीना से ऑटोग्राफ लेती नजर आ रही हैं, जिन्हें कैटरीना की हमशक्ल भी कहा जाता है। जब जरीन ने बॉलीवुड डेब्यू किया था तो हर कोई उन्हें देखकर कन्फ्यूज हो गया था। जरीन ने 2010 में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ 'वीर' से डेब्यू किया था और इस दौरान उनकी कैटरीना कैफ से तुलना होती थी।

वैभव सूर्यवंशी 33 रन ही बना सके, यूथ वनडे में इंग्लैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया

एजेंसी ● वार्सेट

भारतीय अंडर-19 टीम इंग्लैंड के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज का 5वां मैच 7 विकेट से हार गई है। हालांकि, इस हार के बावजूद टीम इंडिया ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली है।सोमवार को भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन बनाए। 211 रन का टारगेट इंग्लैंड ने 113 बॉल शेष रहते हुए आसानी से हासिल कर लिया।

भारत की शुरूआत खराब रही। टीम ने 9 रन के स्कोर पर कप्तान आयुष म्हात्रे (1 रन) और विहान मल्होत्रा (1 रन) के विकेट गंवा दिए। वैभव सूर्यवंशी (42 गेंदों में 33 रन) भी ज्यादा देर तक टिक नहीं सके। वैभव ने राहुल कुमार (21) के साथ मिलकर 51 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाला। यह साझेदारी खतरनाक होती उससे पहले ही सूर्यवंशी तीन चौके और दो छक्के लगाने के बाद सेबस्टियन मॉर्गन की गेंद पर एलेक्स ग्रीन को कैच देकर आउट हो गए। राहुल कुमार भी ज्यादा देर टिक नहीं पाए और ग्रीन की गेंद पर बीजे डॉकिन्स को कैच थमा बैठे। विकेटकीपर हरवंश पंगालिया (24 रन), कनिष्क चौहान (24 रन) और दीपेश देवेंद्रन शून्य के स्कोर पर आउट हुए। आरएस अंबरीश ने 81 गेंदों में 6 चौकों से 66 रन बनाकर एक छोर संभाले रखा और स्कोर को 200 पार पहुंचाया। इंग्लैंड की ओर से एलेक्स फ्रैंच और राल्फी एलबर्ट ने 2-2 विकेट झटके। मैथ्यू फिरबैंक, सेबस्टियान मॉर्गन, एलेक्स ग्रीन और एकांश सिंह को एक-एक विकेट मिला। इंग्लैंड के बेन मेयस ने नाबाद 82, बीजे डॉकिन्स 66 और कप्तान थॉमस रेव ने नाबाद 49 रन बनाए।

वियान मुल्डर ने आखिर क्यों नहीं तोड़ा ब्रायन लारा का रिकॉर्ड

बुलावायो। साउथ अफ्रीका के कप्तान वियान मुल्डर के पास जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में ब्रायन लारा के 400 के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका था। दूसरे दिन जब लंच हुआ तब मुल्डर 367 के स्कोर पर नाबाद पवेलियन लौटे थे, लेकिन ब्रेक के दौरान उन्होंने पारी डिक्लेयर कर दी। वे लारा का रिकॉर्ड इसलिए तोड़ने नहीं गए, क्योंकि उन्हें लगा कि यह रिकॉर्ड लारा के ही नाम रहना चाहिए। दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद सुपरस्पोर्ट पर शॉन पोलक को दिए इंटरव्यू में मुल्डर ने कहा, 'सबसे पहले मैंने सोचा कि हमने पर्याप्त रन बना लिए हैं और अब हमें बॉलिंग करनी चाहिए। और दूसरी बात यह कि ब्रायन लारा एक लीजेंड प्लेयर हैं। उनके कद का व्यक्ति यह रिकॉर्ड बनाए रखने का हकदार है। मैंने शुक्स (साउथ अफ्रीका हेड कोच शुकरी कॉनराड) से बात की और उन्हें भी ऐसा ही लगा। मुझे लगता है कि अगर मुझे दोबारा यह मौका मिला तब भी मैं लारा का रिकॉर्ड नहीं तोडूंगा।' मार्क टेलर 16 अक्टूबर 1998 को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए थे। वे पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन 334 रन बनाकर नाबाद रहे, जो कि सर डोनाल्ड ब्रैडमैन के बेस्ट टेस्ट स्कोर की बराबरी थी, जिसके बाद कप्तान मार्क टेलर ने ऑस्ट्रेलिया की पारी घोषित कर दी थी।

कुसल मेंडिस ने ठोका शतक

99 रन से जीता श्रीलंका, यूं निर्णायक मैच में बांग्लादेश को किया शर्मसार

एजेंसी ● पल्लेकेले

कुसल मेंडिस ने अपना छठा वनडे शतक बनाया और श्रीलंका को तीसरे और आखिरी वनडे में बांग्लादेश के खिलाफ 99 रनों से शानदार जीत दिलाई, जिससे घरेलू टीम ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। निर्णायक मुकाबले में श्रीलंका ने बांग्लादेश को पूरी तरह से डॉमिनेट किया। पहले बल्लेबाजी में कमाल किया, फिर गेंदबाजी में अपना जादू बिखेरा। आइये, आपको पूरे मैच के बारे में विस्तार से बताते हैं।

श्रीलंका ने दिया था 286 रन का बड़ा टारगेट- श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। ऐसे में कुसल मेंडिस के शतक के बूते 50 ओवर में 7 विकेट पर 285 रन बना डाले। मेंडिस ने 18 चौकों की मदद से 124 रन बनाए। इसके अलावा चरिथ असलंका ने भी कप्तानी पारी खेली और 58 रन बनाए। तस्कीन अहमद और मेहदी हसन मिराज ने 2-2 विकेट लिए।39.4 ओवर में बांग्लादेश की टीम सिर्फ 186 रन पर ही ऑल आउट हो गई। श्रीलंका की गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश की बल्लेबाजी पूरी तरह से ढेर हो गई। तौहीद हृदोय ने बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 51 रन बनाए। उन्होंने 78 गेंद की अपनी पारी में 3 चौके और 1 छक्का लगाया। इसके अलावा कोई भी बांग्लादेशी बल्लेबाज 30 रन का स्कोर पार नहीं कर पाया। कप्तान मेहदी हसन मिराज भी 28 रन बनाकर आउट हो गए थे। श्रीलंका के लिए तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा और असिथा फनार्नंडो ने गजब गेंदबाजी की। दोनों ने 3-3 विकेट लिए। इसके अलावा श्रीलंका के स्पिनर्स वानिंदु हसरंगा और कामिंदु मेंडिस ने भी 2-2 विकेट झटके।

कुसल मेंडिस ने कहा, 'मेरे बैटिंग कोच ने कहा था कि अगर मैं रन बनाऊंगा तो हम जीतेंगे। पिछले मैच में मैंने अलग तरह से खेला था, लेकिन आज मैंने कोच से बात करने के बाद अपना सामान्य खेल खेला। पिच थोड़ी धीमी थी, लेकिन बाद में यह बेहतर हो गई।'

नंबर-1 से सिर्फ 8 पॉइंट दूर, जेमिमा को बैटर्स रैंकिंग में दूसरा स्थान

दीप्ति शर्मा विमेंस टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

एजेंसी ● दुबई

भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी विमेंस टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं और अब वह टॉप रैंकिंग से सिर्फ 8 रेटिंग पॉइंट दूर हैं। अगर वह इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे मैचों में अच्छा प्रदर्शन करती हैं, तो पहली बार नंबर-1 गेंदबाज बन सकती हैं। 27 साल की दीप्ति पिछले 6 सालों से टी20करैंकिंग में टॉप-10 में बनी हुई हैं, लेकिन अब तक कभी नंबर-1 नहीं बन पाई है। मंगलवार को जारी हुई रैंकिंग में दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया की एन्नाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। इस बढ़त का क्रेडिट उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में 3 विकेट लेने के प्रदर्शन को जाता है। भारतीय बैटर जेमिमा रोड्रिग्स ने भी रैंकिंग में दो स्थान की बढ़त के साथ 12वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने ब्रिस्टल में खेले गए दूसरे मैच में अर्धशतक लगाया था। बैटर्स में स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने भी रैंकिंग में 11 स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 43वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने भी इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच में 3 विकेट लिए थे। इंग्लैंड की इसी वोंग संयुक्त रूप से 57वें स्थान पर आ गई। लॉरेन फाइलर ने 21 स्थान की बड़ी छलांग लगाते हुए संयुक्त रूप से 68वां स्थान हासिल किया है। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल चौथे स्थान पर बनी हुई हैं।

फ्लूमिनेंस जॉन एरियास (21) और चेल्सी के ट्रेवोह चालोबा (23) न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में फ्लूमिनेंस और चेल्सी के बीच क्लब विश्व कप सेमीफाइनल फुटबॉल मैच के दौरान गेंद के लिए लड़ते हुए।

पाकिस्तान का क्या होगा... नाक कटवाने वालों की सैलरी बढ़ाई, पीसीबी ने भविष्य के सितारों की जेब काट ली

एजेंसी ● नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 18.30 अरब पाकिस्तानी रुपये के बजट को मंजूरी दी है। इसमें से 1.173 अरब पाकिस्तानी रुपया इंटरनेशनल खिलाड़ियों के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट और रिटेनर्स के लिए निर्धारित किए गए हैं, जो पिछले साल की तुलना में 37% अधिक है। साथ ही, सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त खिलाड़ियों की संख्या भी 25 से बढ़ाकर 30 कर दी गई है।

यह आर्थिक बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई है जब पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन पिछले वर्ष सभी फॉर्मेट्स में कमजोर रहा। टीम टी20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में नॉकआउट चरण तक नहीं पहुंच पाई। टेस्ट क्रिकेट में, पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में हार का सामना करना

पड़ा और वेस्टइंडीज से सीरीज ड्रॉ रही। हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 की जीत उनका एकमात्र बड़ा हाईलाइट रही।पाकिस्तान में घरेलू क्रिकेट की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। इसका एक और उदाहरण देखने को मिल रहा है। घरेलू क्रिकेट खिलाड़ियों की आय में कटौती की गई है। घरेलू कॉन्ट्रैक्ट का बजट लगभग 34% घटा दिया गया है, जो ढडफ684 मिलियन से घटकर ढडफ450 मिलियन हो गया है। पीसीबी ने क्वैद-ए-आजम ट्रॉफी की टीमों की संख्या घटाकर 8 कर दी है। इसके अलावा, पिछले साल शुरू की गई चैंपियंस कप प्रतियोगिताएं भी रद्द कर दी गई हैं।महिला क्रिकेट के क्षेत्र में भी कुछ बड़े बदलाव किए गए हैं। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाली महिला खिलाड़ियों की संख्या 16 से बढ़ाकर 24 कर दी गई है और उनके संयुक्त कॉन्ट्रैक्ट का मूल्य 121% बढ़कर ढडफ 69 मिलियन हो गया है। घरेलू महिला क्रिकेट के बजट में भी 4% की मामूली वृद्धि हुई है, जो अब ढडफ 37.2 मिलियन हो गया है।

इसके साथ ही पीसीबी ने 12 प्रथम श्रेणी मैदानों के रखरखाव और प्रबंधन के लिए ढडफ93.6 मिलियन आवंटित किए हैं। इसके अलावा, लाहौर, कराची और रावलपिंडी स्टेडियमों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए ढडफ6 अरब खर्च किए जाएंगे, जो पिछले वर्ष के ढडफ18 अरब के अलावा होंगे।

सुंदर की जगह शार्दूल को मौका संभव

इंग्लैंड से आर्चर-एटकिंसन खेल सकते हैं लॉर्ड्स में बुमराह की वापसी तय

एजेंसी ● लंदन

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने बर्मिंघम टेस्ट को 336 रन से जीतकर वापसी की। इससे पहले भारत को लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने 5 विकेट से हराया था। 5 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला लॉर्ड्स में 10 से 14 जुलाई तक खेला जाएगा। क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले इस मैदान की पिच आमतौर पर तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होती है, लेकिन पिछले महीने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के आखिरी तीन दिन बैटर्स को भी मदद मिली थी।

बता दें साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलियन बॉलर्स के खिलाफ 3 सेशन में 282 रन का टारगेट चेज करके वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का टाइटल जीता। 11 से 14 जून के बीच खेले गए इस मुकाबले के शुरूआती ढाई दिनों में तीन पारियां खत्म हो गईं। इसके बाद पिच बल्लेबाजी के लिए आसान होती गई। भारत-इंग्लैंड तीसरे टेस्ट के लिए भी इसी तरह के कंडीशंस देखने को मिल सकती हैं। भारतीय बैटिंग ऑर्डर में बदलाव की गुंजाइश न के बराबर है। सीरीज में चार भारतीय बैटर्स 200 से ज्यादा रन बना चुके हैं। ओपनर्स अच्छी शुरूआत दे रहे हैं। पिछले दो मैचों में भारत की ओपनिंग जोड़ी 456 रन बना चुकी हैं। यशस्वी जायसवाल ने एक शतक और एक फिफ्टी के सहारे 220 रन बनाए हैं, जबकि केएल राहुल ने 236 रन बनाए हैं। उनके नाम भी एक शतक और एक अर्धशतक है। इन दोनों के अलावा, कप्तान शुभमन गिल 3 शतक के सहारे 585 रन बनाकर सीरीज के टॉप स्कोरर हैं। उप कप्तान ऋषभ पंत ने दो शतक सहित 342 रन बनाए हैं।

रवींद्र जडेजा ने बर्मिंघम टेस्ट की पहली पारी में 89 और नाबाद 69 रन बनाए थे। वॉशिंगटन सुंदर ने 42 रन बनाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में अहम मौके पर बेन स्टोक्स का विकेट दिलाया था। डब्लूटीसी फाइनल में लॉर्ड्स की पिच का बिहेवियर देखते हुए स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर की जगह शार्दूल ठाकुर को मौका दिया जा सकता है।

41 साल के उम्र में हुआ इंटरनेशनल अंपायर बिस्मिल्लाह का निधन

नई दिल्लीः अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कम्यूनिटी इंटरनेशनल अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी के निधन से शोक में है। आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय अंपायरों के पैनल के सदस्य, शिनवारी ने 25 वनडे और 21 टी20 में अंपायरिंग की थी। उन्होंने दिसंबर 2017 में शारजाह में अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच वनडे मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने बयान में क्या कहा?- अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने बयान में कहा, 'एसीबी का नेतृत्व, कर्मचारी, और पूरा अफगानअटालन परिवार अफगानिस्तान के एलीट अंपायरिंग पैनल के एक सम्मानित सदस्य, बिस्मिल्लाह जान शिनवारी के निधन से बहुत सदमे और दुख में हैं। बड़े दुख के साथ हम श्री शिनवारी के बीमारी के बाद निधन की खबर साझा कर रहे हैं।' बोर्ड ने आगे कहा, 'बिस्मिल्लाह जान अफगान क्रिकेट के महान सेवक थे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड उनके परिवार, दोस्तों और पूरे अफगान क्रिकेट बिरादरी के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।'आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने बिस्मिल्लाह के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा, 'खेल में उनका योगदान बहुत बड़ा था और क्रिकेट समुदाय उन्हें बहुत याद करेगा। हमें इस क्षति से गहरा दुख हुआ है और हम उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।'

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
दैनिक अदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, गुरुवार, 10 जुलाई, 2025
www.adityabharat.com

फ़्रांस के नार्बोन इलाके में पिछले कई दिनों से जंगल आग की चपेट में है, इस आग को काबू में करने के लिए एक अग्निशमन विमान जंगल की आग पर आग बुझाने वाला पदार्थ गिराता हुआ।

शॉट न्यूज

यूएस एयरफोर्स ने मस्क की कंपनी के साथ रोका प्रोजेक्ट

न्यूयॉर्क। अमेरिकी वायु सेना ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ एक महत्वाकांक्षी रॉकेट प्रोजेक्ट को अचानक सस्पेंड कर दिया है। यह प्रोजेक्ट प्रशांत महासागर के एक छोटे द्वीप से हाइपरसोनिक रॉकेट कार्गो डिलीवरी की टेस्टिंग के लिए था। इसका उद्देश्य 90 मिनट से कम समय में वैश्विक स्तर पर सामान पहुंचाना था। इस निर्णय ने तकनीकी और रक्षा क्षेत्र में हलचल मचा दी है। अब इसके निलंबन का कारण पर्यावरणीय चिंताओं और मस्क के हाल के बयानों से जुड़ा हो सकता है। इसमें जॉनस्टन द्वीप से हाइपरसोनिक रॉकेट के जरिए सैन्य सामान की तेज डिलीवरी की योजना थी। अमेरिकी वायुसेना की योजना स्पेसएक्स जैसी निजी अंतरिक्ष कंपनियों के रॉकेट्स का इस्तेमाल करके 100 टन तक का सैन्य सामान पृथ्वी के किसी भी कोने में महज 90 मिनट में पहुंचाने की थी।

तालिबान नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए

हेग/काबुल। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने 8 जुलाई को तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबातुल्लाह अखुंदजादा और अफगानिस्तान के चीफ जस्टिस अब्दुल हकीम हक्कानी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। इन दोनों पर अफगान महिलाओं, लड़कियों और तालिबान की कठोर जेंडर नीतियों का विरोध करने वालों पर अत्याचार करने का आरोप है। ये वारंट मानवता के खिलाफ अपराधों के तहत जारी किए गए हैं। यह पहली बार है जब आईसीसी ने तालिबान के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ ऐसा कोई कानूनी कदम उठाया है। तब से लेकर 20 जनवरी 2025 तक महिलाओं और लड़कियों पर कई गंभीर अपराध किए।

पाक के बाद बांग्लादेश सेना पर मेहरबान हुआ तुर्किये

इस्लामाबाद। पाकिस्तान पर अकसर मेहरबान रहने वाला तुर्की अब बांग्लादेश के साथ भी सहयोग बढ़ाना चाहता है। तुर्की के रक्षा अधिकारियों ने कहा है कि वे बांग्लादेश के रक्षा उद्योग में सहयोग करेंगे। बांग्लादेश की सेना ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, तुर्की के रक्षा उद्योग के सचिव एचई प्रोफेसर हालुक गोरगुन ने रक्षा मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दोनों देशों में रक्षा सहयोग को और आगे बढ़ाने पर चर्चा की। बांग्लादेश की सेना ने कहा, तुर्किए के सैन्य अधिकारी ने वादा किया है कि वे बांग्लादेश के रक्षा उद्योग में पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा है कि तुर्की की मदद से बांग्लादेश में भी आधुनिक हथियारों का निर्माण किया जाएगा। हालुक गोरगुन इस समय बांग्लादेश के दौरे पर हैं।

सेना की नई चाल- मुनीर अगले राष्ट्रपति, बिलावल नए पीएम

पाक में सेना बना रही राष्ट्रपति जरदारी पर पद छोड़ने का दबाव

इस्लामाबाद ● एजेंसी

पाकिस्तान की सियासत में इन दिनों जबरदस्त हलचल है। चर्चाएं जोरों पर हैं कि राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को जल्द ही पद छोड़ने के लिए कहा जा सकता है और उनके स्थान पर शक्तिशाली सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर देश के नए राष्ट्रपति बन सकते हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान में मौजूदा संसदीय प्रणाली को बदलकर राष्ट्रपति प्रणाली लागू किए जाने की भी तैयारी बताई जा रही है।

दबाव

सत्ता परिवर्तन का खेल पाक आर्मी के समर्थन से हो रहा है। पाक आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर पाकिस्तान की सत्ता संरचना में सबसे ताकतवर पद पर आसीन हैं। वे सत्ता पर अपनी पकड़ को और मजबूत करते जा रहे है। हाल ही में उन्हें फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस पद के साथ

असीम मुनीर को आजीवन सैन्य विशेषाधिकार, कानूनी प्रतिरक्षा और असंवैधानिक हस्तक्षेपों से सुरक्षा प्राप्त हो जाती है। आर्मी चीफ मुनीर और जरदारी के बीच बढ़ने समीकरणों के लेकर के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) ने विरोध जताना शुरू कर दिया है। मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनकी पार्टी पीएमएलएन इस संभावित बदलाव का विरोध कर रहे हैं। उन्हें डर है कि यदि राष्ट्रपति प्रणाली आई तो न केवल शहबाज की प्रधानमंत्री पद से छुट्टी होगी, बल्कि पाकिस्तान की सियासत में पीएमएलएन और शरीफ परिवार की प्रासंगिकता भी खत्म हो जाएगी। खबर है कि इसलिए पीएमएलएन पाकिस्तानी आर्मी के विभिन्न धड़ों से संपर्क में हैं, ताकि बिलावल के उदय को रोका जा सके।

बिलावल को पीएम बनाने की मांग पीपीपी में तेज

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता आसिफ अली जरदारी के इस्तीफे की चर्चा उनकी गिरती सेहत के आधार पर हो रही है। रिपोर्टों के अनुसार, जरदारी ने यह शर्त रखी है कि अगर बिलावल भुट्टो जरदारी को कोई ऐसा बड़ा पद मिले जहां वह एक परिपक्व नेता के रुप में उभर सकें, तो वह इस्तीफा दे सकते हैं। पीपीपी ने बिलावल भुट्टो के लिए पीएम का पद मांगा है। हालांकि, खुद पीपीपी के अंदर बिलावल की भूमिका को लेकर मतभेद हैं।

संविधान संशोधन कर सकते हैं आर्मी चीफ मुनीर

आर्मी चीफ मुनीर का दखल पाकिस्तानी संसद, न्यायपालिका और विदेश नीति पर भी देखा जा रहा है। उनकी वॉशिंगटन, रियाद और बीजिंग जैसी जगहों पर उनकी हाई-प्रोफाइल कूटनीतिक यात्राएं इस बात का प्रमाण हैं कि वे पाकिस्तान के 'स्थायित्व दूत' के रुप में देखे जाते हैं। विश्लेषकों का मानना है कि असीम मुनीर राष्ट्रपति बनकर सिर्फ प्रतीकात्मक पद पर नहीं रहना चाहते, बल्कि पाकिस्तान की पूरी राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव लाना चाहते हैं। यह प्रयास जनरल जिया-उल-हक के 1977 के तख्तापलट की वर्षगांठ के समय सामने आया है, जिससे इसे एक 'सॉफ्ट कू' के रुप में देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि संसद, न्यायपालिका और मीडिया पर असीम मुनीर का पूर्ण नियंत्रण है और इसलिए संविधान में बदलाव कर राष्ट्रपति प्रणाली लागू करने में उन्हें कोई खास मुश्किल नहीं होगी।

पहलगाम हमले के खिलाफ ब्राजील का भारत को सपोर्ट

दोनों देशों ने जीरो टॉलरेंस नीति पर जताई सहमति

ब्रासीलिया ● एजेंसी

5 साल में 20 अरब डॉलर के आपसी ट्रेड का टारगेट

पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें ब्राजील का सर्वोच्च सम्मान मिलना 140 करोड़ भारतीयों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर (1.70 लाख करोड़ रुपए) तक ले जाने का टारगेट रखा है। पीएम मोदी ने मजाकिया अंदाज में कहा- फुटबॉल ब्राजील की आत्मा है, तो क्रिकेट भारतीयों का जुनून। चाहे गेंद बाउंड्री पार जाए या गोलपोस्ट में, 20 अरब डॉलर की साझेदारी मुश्किल नहीं है।" उन्होंने एनर्जी सेक्टर में बढ़ते सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण और क्लीन एनर्जी दोनों देशों की प्राथमिकता है। पीएम मोदी ने COP 30 बैठक के लिए राष्ट्रपति लूला को बधाई दी। उन्होंने डिफेंस सेक्टर में बढ़ते सहयोग को आपसी विश्वास का प्रतीक बताया और कहा कि दोनों देश अपनी डिफेंस सेक्टर को एकजुट करने की कोशिश जारी रखेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ भारत का समर्थन करने के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा को धन्यवाद कहा। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और जीरो डबल स्टैंडर्ड की नीति पर सहमति जताई। इसके साथ ही रक्षा सहयोग बढ़ाने और डिफेंस सेक्टर को एकजुट करने पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति सिल्वा ने भारत-ब्राजील संबंधों को मजबूत करने के लिए पीएम मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किया। मई 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद से पीएम मोदी को किसी विदेशी सरकार की तरफ से दिया गया यह 26वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। दोनों देशों ने तीन समझौतों पर साइन किए, जिनमें आतंकवाद और संगठित अपराध के खिलाफ सहयोग, डिजिटल टेक्नीक को लेकर साझेदारी और रिन्युएबल एनर्जी शामिल हैं।

यमन में हत्या के आरोप में भारतीय नर्स को 16 जुलाई को फांसी

सना। केरल की नर्स निमिषा प्रिया को यमनी नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को फांसी दी जाएगी। पिछले साल यमन के राष्ट्रपति राशद अल-अलीमी ने उनकी मौत की सजा को मंजूरी दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स ने विदेश मंत्रालय के हवाले से बताया कि भारत सरकार इस मामले पर नजर रखे हुए है और लोकल अधिकारियों और निमिषा के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है। निमिषा 2017 से जेल में बंद हैं, उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की ड्रग का ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। निमिषा और महदी यमन में एक प्राइवेट क्लिनिक में पार्टनर थे। आरोप है कि महदी ने निमिषा का पासपोर्ट कब्जे में ले रखा था और उसे प्रताड़ित करता था। निमिषा काफी परेशान हो चुकीं थीं। जुलाई 2017 में महदी से पासपोर्ट लेने के लिए निमिषा ने उसे बेहोशी का इंजेक्शन दिया, लेकिन इसका असर नहीं हुआ। फिर निमिषा ने महदी को ओवरडोज दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निमिषा ने महदी के शरीर के टुकड़े कर वाटर टैंक में फेंक दिए। इसके बाद पुलिस ने निमिषा को गिरफ्तार कर लिया। यमन की सुप्रीम ज्यूडिशियल काउंसिल ने निमिषा को महदी की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई। निमिषा ने यमन की सुप्रीम कोर्ट में माफी की अपील दायर की, जिसे 2023 में खारिज कर दिया। राष्ट्रपति रशद ने भी 30 दिसंबर 2024 को सजा को मंजूरी दे दी।

विपक्षी सांसद की गिरफ्तारी के प्रस्ताव पर हुई बहस

आर्मेनिया की संसद में सांसदों के बीच मारपीट, जमकर चले मुक्के

येरेवन ● एजेंसी

आर्मेनिया की नेशनल असेंबली (संसद) में सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों में जमकर मारपीट और गाली गलौच हुई। आर्मेनिया में पहले से ही तनावपूर्ण राजनीतिक माहौल इस घटना के बाद और गर्मा गया। इस मामले की शुरुआत तब हुई जब विपक्षी सांसद आर्तुर सर्गस्यान की संसदीय छूट (इम्युनिटी) खत्म करने और गिरफ्तारी को लेकर एक प्रस्ताव पर बहस हो रही थी। सत्ताधारी दल ने सर्गस्यान पर आपराधिक आरोपों का हवाला देकर उनकी संसदीय छूट खत्म कर गिरफ्तारी की मांग की। हालांकि, इन आरोपों की डिटेल नहीं दी गई। विपक्ष ने इस प्रस्ताव को बदले की भावना से प्रेरित और विपक्ष की आवाज कुचलने की कोशिश करार दिया। सत्र शुरू होने के बाद जल्द ही गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और

बहस

फिर हाथापाई शुरू हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सांसद एक-दूसरे पर मुक्के चलाते और बोतलें फेंकते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड्स ने दखल देकर मामले को कंट्रोल किया।

अजरबैजान से युद्ध में हार के बाद हालात खराब हुए

आर्मेनिया को 2020 में अजरबैजान के खिलाफ नागोर्नो-कारबाख युद्ध में हार सामना करना पड़ा था, जिसके बाद से देश के राजनीति हालात अस्थिर बने हुए हैं। 2020 में अजरबैजान ने आर्मेनिया पर हमला कर दिया था। करीब छह हफ्ते चले युद्ध के बाद अजरबैजान की एकतरफा जीत हुई और उसने विवादित इलाके का बड़े हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया था। इस युद्ध में दोनों देशों के 6500 से ज्यादा लोग मारे गए थे। युद्ध विराम के लिए रुस को आगे आना पड़ा था। इस हार के बाद से प्रधानमंत्री निकोल पशिनियन और उनकी सिविल कॉन्ट्रैक्ट पार्टी पर विपक्ष का दबाव बढ़ता जा रहा है। विपक्षी दल, खास तौर पर 'आर्मेनिया गठबंधन', सरकार पर संविधान का दुरुपयोग करने और लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगा रहा है।

सर्गस्यान बोले- देश तानाशाही का गढ़ बना : अपनी स्पीच में सर्गस्यान ने कहा कि 'आर्मेनिया तानाशाही का गढ़ बन गया है, जहां सब कुछ पहले से तय, लिखित और मंजूर होता है। प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान की सरकार विपक्षी नेताओं पर तख्तापलट की कोशिश का आरोप लगाकर कार्रवाई कर रही है।' इससे पहले सोमवार को पशिनयान ने कहा था कि वह आर्मेनियाई अपोस्टोलिक चर्च को ईसाई-विरोधी, व्यभिचारी, राष्ट्र-विरोधी और राज्य-विरोधी लीडरशिप से आजाद करेंगे। इसके बाद संसद में विपक्ष के दो नेता, पूर्व रक्षा मंत्री सेयान ओहानयान और आर्ट्सविक मिनासयान की संसदीय छूट खत्म करने के लिए वोटिंग हुई। इसके बाद दोनों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया। संसद के डिप्टी चेयरमेन रूबेन रूबिनयान ने तनाव बढ़ता देख संसद सत्र स्थगित कर दिया।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
संपादक- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)